GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-07-2021

# बीईओ पर हमले में 12 पर केस

पिपरौली (एसएनबी)। सहजनवां क्षेत्र में सीहापार ओवरब्रिज के पास शुक्रवार शाम को गोरखपुर लौटते समय संतकबीरनगर के बीईओ पर हुए हमले और गाड़ी में तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने 12 से अधिक अज्ञात शरारती तत्वों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**गुरूवार को संतकबीरनगर से लौटते वक्त हाइवे पर मनबढ़ों ने किया था हमला**

महराजगंज जिले के कोठीभार थाना क्षेत्र के सिसवां बाजार निवासी ध्रुव प्रसाद सन्तकबीरनगर जिले के नाथनगर में बीईओ के पद पर तैनात हैं। शुक्रवार की शाम 630 बजे वह ड्यूटी कर गोरखपुर की तरफ आ रहे थे। अभी सीहापार ओवरब्रिज के पास ही पहुंचे थे कि एक दर्जन की संख्या में अज्ञात शरारती तत्व ने उनकी गाड़ी को ओवर टेक कर रोक लिया और बुलेट बाइक सामने खड़ी कर दी। मनबढ़ों ने बीईओ की गाड़ी पर तोड़फोड़ करते हुए हमला कर दिया। जिसमे बीईओ को चोट आयी और उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गयी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल बीईओ का सीएचसी सहजनवां पर इलाज कराया। पुलिस ने बीईओ की तहरीर पर एक दर्जन अज्ञात शरारती तत्वों के खिलाफ तोड़फोड़ मारपीट का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष राज प्रकाश सिंह ने कहा कि बीईओ की तहरीर पर एक दर्जन शरारती तत्वों के खिलाफ तोड़फोड़ मारपीट का केस दर्ज कर आरोपियों के बारे में जानकारी ली जा रही है।

# इनामी बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा

गोरखपुर (एसएनबी)। कैंट पुलिस ने शनिवार की सुबह कूड़ाघाट तिराहा से यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित 10 हजार रुपये के इनामी शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक कैंट सुधीर कुमार राय और दरोगा आशीष कुमार पाण्डेय हमराहियों के साथ सुबह गश्त पर थे।

**यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित था बदमाश**

इस दौरान मुखबिर की सूचना पर गैंगेस्टर में वांछित चल रहे 10 हजार रुपये के ईनामी बदमाश को का शनिवार की सुबह तकरीवन 7 बजे कूड़ाघाट तिराहा से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसकी पहचान कुशीनगर जिले के कसया क्षेत्र के पतया गांव निवासी जुगनू अंसारी के रूप में हुयी। उसके खिलाफ कैंट थाने में गोवध अधिनियम, आर्म्स एक्ट और राजघाट थाने में हत्या की कोशिश की धारा में मुकदमा दर्ज है। कैंट पुलिस गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध कर उसकी तलाश कर रही थी।


# इनामी बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा

गोरखपुर (एसएनबी)। कैंट पुलिस ने शनिवार की सुबह कूड़ाघाट तिराहा से यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित 10 हजार रुपये के इनामी शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक कैंट सुधीर कुमार राय और दरोगा आशीष कुमार पाण्डेय हमराहियों के साथ सुबह गश्त पर थे।

**यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित था बदमाश**

इस दौरान मुखबिर की सूचना पर गैंगेस्टर में वांछित चल रहे 10 हजार रुपये के ईनामी बदमाश को का शनिवार की सुबह तकरीवन 7 बजे कूड़ाघाट तिराहा से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसकी पहचान कुशीनगर जिले के कसया क्षेत्र के पतया गांव निवासी जुगनू अंसारी के रूप में हुयी। उसके खिलाफ कैंट थाने में गोवध अधिनियम, आर्म्स एक्ट और राजघाट थाने में हत्या की कोशिश की धारा में मुकदमा दर्ज है। कैंट पुलिस गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध कर उसकी तलाश कर रही थी।


# पत्नी की हत्या करके गढ़ी सुसाइड की साजिश

**बांसगांव एरिया के चतुरबनदुआरी की घटना से सनसनी**

GORAKHPUR (10 July): बांसगांव एरिया में महिला ने सुसाइड नहीं किया था. महिला के पति ने उसकी हत्या करके सुसाइड की सूचना दी. उसने आरोप लगाया कि गैंग रेप के मामले में कार्रवाई न होने से आहत होकर उसकी पत्नी ने सुसाइड कर लिया. घटना की छानबीन में पुलिस ने आरोपित को अरेस्ट कर लिया. पत्नी को रास्ते से हटाने के लिए उसने वारदात को अंजाम दिया था. शनिवार को पुलिस ने आरोपित शशि कुमार को जेल भेज दिया. एसएसपी दिनेश कुमार पी ने बताया कि महिला की हत्या उसके पति ने ही की थी.

## सूचना पर जांच की

शुक्रवार की सुबह बांसगांव एरिया के रहने शशि कुमार ने पुलिस को सूचना दी. उसने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी ने सुसाइड कर लिया है. पूर्व में उसकी पत्नी संग गैंग रेप की घटना हुई थी. इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई नहीं की. इससे आहत होकर उसने यह कदम उठाया. युवती की मां ने कहा कि दो साल पूर्व बेटी की शादी हुई थी. तभी से पति गलत आरोप लगाकर प्रताड़ित करता था.

> **घटना में शामिल आरोपित को अरेस्ट कर लिया गया है. उसने खुद ही पत्नी की हत्या की. इसके बाद गलत सूचना दी. उसके खिलाफ सुबूत भी मिले हैं.**
>
> **दिनेश कुमार पी,** एसएसपी

Hindustan2.jpeg Hindustan1.jpeg

## बात न करने पर वायरल कर दी आपत्तिजनक तस्वीर

**जासं,गोरखपुर:** किशोरी पर फोन से बातचीत करने का दबाव बना रहे शोहदे ने आपत्तिजनक तस्वीर व वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दी। भाई और पिता को जान से मारने की धमकी दे रहा है। शनिवार को पीड़िता की मां ने गुलरिहा थाने पहुंचकर खोराबार क्षेत्र के रहने वाले आरोपित के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर में महिला ने लिखा है कि उसकी बड़ी बेटी की शादी चिलुआताल इलाके में हुई है। 8वीं में पढ़ने वाली 14 साल की बेटी चार माह पहले बड़ी बहन के घर गई थी। वहां खोराबार थाना क्षेत्र के तकिया रुद्रपुर गांव का रहने वाला युवक भी गया था। उसने चोरी से बेटी की आपत्तिजनक तस्वीर और वीडियो बना लिया। अब फोन पर बातचीत करने के लिए उस पर दबाव बना रहा है। बेटे और पति को जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसकी धमकी से परेशान होकर बेटी कई बार जान देने का प्रयास कर चुकी है। प्रभारी निरीक्षक विनोद अग्निहोत्री ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

# चोरी की चार बाइक संग तीन गिरफ्तार



कैंट पुलिस के हत्थे चढ़ा बाइक चुराने वाला गिरोह ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** कैंट पुलिस ने चोरी की तीन बाइक के साथ चार बदमाशों को गिरफ्तार किया। मोहद्दीपुर, गोरखनाथ और देवरिया जिले के रहने वाले बदमाशों पर चोरी के कई केस दर्ज हैं।

प्रभारी निरीक्षक कैंट सुधीर सिंह, एसएसआइ प्रविंद राय के साथ शुक्रवार को विंध्यवासिनी पार्क के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर उन्होंने मोहद्दीपुर, चारफाटक निवासी सतीश निषाद, गोरखनाथ के हड़हवा फाटक निवासी संतोष सोनकर और देवरिया जिले के तरकुलवा, सिरसिया गोठा निवासी संजय उर्फ महातम को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर चोरी की चार बाइक मिली, चाकू बरामद हुआ। चोरी व आर्म्स एक्ट का केस दर्ज कर शनिवार की सुबह आरोपितों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

## 10 हजार का इनामी पशु तस्कर पकड़ा गया

गोरखपुर : गैंगस्टर एक्ट में वांछित 10 हजार रुपये के इनामी पशु तस्कर को कैंट पुलिस ने शनिवार की सुबह कूड़ाघाट तिराहा के पास गिरफ्तार किया। आरोपित को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक कैंट सुधीर सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह सूचना मिली कि कुशीनगर जिले के कसया क्षेत्र स्थित पताया गांव का जुगनू अंसारी कूड़ाघाट तिराहे पर है। घेराबंदी कर बदमाश को पकड़ लिया गया। उसके खिलाफ कैंट थाने में पशु तस्करी, आर्म्स एक्ट और राजघाट थाने में हत्या की कोशिश करने का केस दर्ज है।



कैंट पुलिस के हत्थे चढ़ा दस हजार रुपये का इनामी पशु तस्कर ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

## किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार

**पीपीगंज :** पीपीगंज पुलिस ने अपहरण कर किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोप में शनिवार सुबह पचगांवा चौराहे से सुनील को गिरफ्तार किया। युवक पर आरोप है कि बीते सात जुलाई को गांव की एक किशोरी को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया। बाद में उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के बाबा की तहरीर पर पुलिस आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी हुई थी। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार करने के साथ किशोरी को मुक्त कराया है। (जासं)

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित बदमाश गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** परशुरामपुर पुलिस ने एक इनामिया बदमाश को थाना क्षेत्र के हैदराबाद पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। इसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक की ओर से 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

परशुरामपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि एसटीएफ लखनऊ के उप निरीक्षक मनोज सिंह ने शनिवार को भोर में उन्हें सूचना दी कि परशुरामपुर थाने से गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार का इनामिया बदमाश विकास सिंह कार से अपने एक साथी के साथ हैदराबाद की तरफ आ रहा है। वह और उनकी टीम उसके पीछे लगे हैं। इस पर उन्होंने अपनी टीम के साथ हैदराबाद पुलिया के पास गाड़ाबंदी किया। पुलिस को एक कार आती दिखी, मगर वह बीच में ही रुक गई। पुलिस को देख कार सवार दो बदमाश उतर कर भागने लगे।

पुलिस टीम ने एक को तो पकड़ लिया, मगर दूसरा भाग निकला। पकड़े गए बदमाश की पहचान विकास सिंह निवासी डहड़ा बाबू थाना हर्रैया जनपद बस्ती के रूप में हुई। उसके पास से एक अवैध देसी तमंचा व दो कारतूस बरामद हुआ है। मौके पर मिली कार को सीज कर दिया गया है। पुलिस ने मामले में उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध परशुरामपुर थाने में इसके पहले भी एक मुकदमा दर्ज था। इसका आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

# तोड़फोड़ करने वालों पर दर्ज कराया केस

**प्रमुख चुनाव**

- 14 नामजद, 100 अज्ञात के खिलाफ शाहपुर थानेदार को दी तहरीर
- चरगांवा ब्लाक मुख्यालय पर नामांकन के दौरान हुई थी मारपीट

**जागरण संवाददाता, पादरी बाजार :** चरगांवा ब्लाक की नवनिर्वाचित प्रमुख वंदना सिंह के ससुर लालजी ने शनिवार को शाहपुर थाने में 14 नामजद व 100 अज्ञात के खिलाफ लूट, बलवा और मारपीट का केस दर्ज कराया। आरोप है कि नामांकन के दौरान आरोपितों ने उनके समर्थकों से मारपीट करने के साथ ही गाड़ी का शीशा तोड़ दिया।

खोराबार थाना क्षेत्र के जंगल रामगढ़ उर्फ रजही निवासी लालजी सिंह ने शाहपुर पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि गुरुवार सुबह 11:30 बजे अपने बहू का प्रमुख पद पर पर्चा दाखिला कराने चरगांवा ब्लाक पर गए थे। गेट पर पहले से खड़े रामाश्रय निषाद ने अपने बेटे मनोज, बृजेश, हरिकेश और सहयोगी विनोद, रंजीत, रामप्रसाद गुप्ता उर्फ रामू, हरिश्चन्द्र गौतम, रामनारायण गुप्ता, मनोज निषाद, रामधनी पासवान, सुरेन्द्र निषाद, राहुल व 100 लोगों के साथ उनकी गाड़ियों पर पथराव शुरू कर दिया। समर्थकों की पिटाई करने के साथ ही उनकी सोने की चेन और 15 हजार रुपये लूट लिए। बीच-बचाव करने बेटा रणविजय सिंह पहुंचा तो उसके ऊपर भी हमला कर दिया। एसएसपी दिनेश कुमार पी ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# 10 हजार का इनामी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** कैंट पुलिस ने शनिवार की सुबह कूड़ाघाट तिराहे से गैंगेस्टर में वांछित दस हजार रुपये के इनामी शातिर जुगनू अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक कैंट इंस्पेक्टर सुधीर कुमार हमराहियों के साथ शनिवार की सुबह गश्त पर थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध कूड़ाघाट तिराहे पर है। पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसकी पहचान कुशीनगर के कसया क्षेत्र के पतया गांव निवासी जुगनू अंसारी के रूप में हुई। उसके खिलाफ कैंट थाने में गोवध अधिनियम, आर्म्स एक्ट और राजघाट थाने में हत्या की कोशिश की धारा में मुकदमा दर्ज है। कैंट पुलिस गैंगेस्टर में निरुद्ध कर उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। ब्यूरो

## चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**गोरखपुर।** गोरखनाथ पुलिस ने शनिवार की सुबह नकहा ओवरब्रिज के पास से एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से चोरी की बाइक बरामद की। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। गोरखनाथ पुलिस शनिवार की सुबह तकरीबन 11 बजे गश्त पर थी। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नकहा ओवरब्रिज के पास से एक संदिग्ध को पकड़ा। पुलिस ने उसके पास से एक बाइक बरामद की, जांच में बाइक चोरी की निकली। आरोपित की पहचान गोरखनाथ क्षेत्र के हुमायूंपुर उत्तरी निवासी जमशेद आलम उर्फ लाडले के रूप में हुई। ब्यूरो

# DEORIYA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-07-2021

राष्ट्रीय सहारा दि- 11/7/21

राष्ट्रीय लोक अदालत

# 51,647 वादों का निस्तारण

**देवरिया(एसएनबी)।** जनपद न्यायाीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राकिरण देवरिया रवि नाथ के निर्देशन में शनिवार को सुबह 10 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर प्रभारी जनपद न्यायाधीश रजनीश कुमार एवं अन्य सम्मानित न्यायाधीशगणों तथा जिला विधिक सेवा प्राकिरण देवरिया के सचिव न्यायाधीश आरिफ निसामुद्दीन खान एवं डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सिंहासन गिरी द्वारा फीता काटकर एवं मॉ सरस्वती की प्रतिमा का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलंन के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया।

लोक अदालत में कुल मिलाकर 51,647 मामलों का निस्तारण किया गया। प्रतिकर, जुर्माना एवं अन्य मांमलों में कुल मु.- 5,09,72,865/- रूपये की धनराशि का सेटलमेण्ट किया गया। इस लोक अदालत में मुख्य रूप से समस्त सम्मानित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, वादकारीगण तथा सामान्य जनता उपस्थित रही।

जिला विधिक सेवा प्राकिरण के सचिव न्यायाधीश आरिफ निसामुद्दीन खान के अथक प्रयास से इस लोक अदालत का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ तथा इसके लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में वैश्विक




महामारी कोरोना से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराया गया एवं न्यायालय परिसर में कोविड हेल्प डेस्क के माध्यम से सभी लोगों का थर्मल स्क्रीनिंग के माध्यम से जॉच कराया गया। इस दौरान सभी लोग निरंतर मास्क लगायें रहे तथा अपने हाथों को सेनेटाईज करते रहें।

# मादक पदार्थ के साथ तीन गिरफ्तार

**मेहरौना(एसएनबी)।** बिहार के गुठनी थाना क्षेत्र के योगियाडीह गांव में शुक्रवार की देर शाम पुलिस ने मादक पदार्थों की हो रही बिक्री की सूचना के बाद छापेमारी किया। पुलिस का कहना था कि इस छापेमारी के दौरान एक घर से 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से 225 ग्राम मादक पदार्थ बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि लोगों में योगियाडीह गांव निवासी राजेन्द्र सिंह 65 वर्ष, ओमप्रकाश सिंह 30 वर्ष और लार थाना क्षेत्र के बड़का गांव निवासी संदीप पटेल को मौके से गिरफ्तार किया गया।

# लोक अदालत में 51 हजार मुकदमे निस्तारित

देवरिया | विधि संवाददाता

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को दीवानी कचहरी में जिला जज रविनाथ के निर्देशन में हुआ। इसमें कुल 51,647 मामलों का निस्तारण किया गया और प्रतिकर जुर्माना व अन्य मामलों में 5.09 करोड़ का सेटलमेण्ट किया गया।

लोक अदालत का उद्घाटन प्रभारी जिला जज रजनीश कुमार व प्राधिकरण के सचिव आरिफ निसामुद्दीन, सीजेएम सूर्यकांत धर द्विवेदी, सिविल जज शिवेन्द्र मिश्र ने सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया। प्रभारी जिला जज ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत पीड़ित पक्ष को त्वरित न्याय दिलाने का एक माध्यम है। इसमें पीड़ितों को एक ही दिन में दोनों पक्षों के बीच समझौता कराकर न्यायालयों के मुकदमों का निस्तारण कराने में सफलता

## आयोजन

- बैंक, बीमा, दुर्घटना, राजस्व और सुलहनीय मामलों का किया गया निस्तारण
- प्रभारी जिला न्यायाधीश ने दीप प्रज्वलन कर लोक अदालत की शुरुआत

मिलती है। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय, राजस्व के विभिन्न न्यायालयों द्वारा राजस्व, अपराधिक, चकबंदी के लंम्बित मामलों, बैकों, बीएसएनएल, श्रम समेत कुल 51647 मामलों का निस्तारण कर 5.09 करोड़ का सेटलमेंट हुआ। फरवरी 2020 में हुए राष्ट्रीय लोक अदालत से 21 हजार मामले अधिक निस्तारित किए गए।

इस दौरान एडीजे अरविन्द राय, मनोज कुमार मिश्र, अजय कुमार, शास्वत पाण्डेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकांतधर द्विवेदी, सिविल जज शिवेन्द्र मिश्र, जेएम प्रिया राय, अंकितराज सिंह, आदित्य जायसवाल, कुवर रोहित आनन्द, स्वर्णमाला सिंह, स्वेता त्रिपाठीऔर डिस्ट्रिक्ट बार के अध्यक्ष सिंहासन गिरि, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ तिवारी आदि मौजूद रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आरिफ निसामुद्दीन व सिविल जज शिवेन्द्र मिश्र की देख रेख में लोक अदालत सम्पन हुआ।



दीवानी न्यायालय में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को प्रभारी जिला जज ने परिसर में लगी लोक अदालत के स्टाल का निरीक्षण किया। • हिन्दुस्तान

# लोक अदालत में 51647 मामले किए गए निस्तारित

## पांच करोड़, नौ लाख 72 हजार 865 रुपये का किया गया समझौता, न्यायालय परिसर में अदालत का आयोजन



दीवानी कचहरी में दीप जलाकर राष्ट्रीय लोक अदालत शिविर का शुभारंभ करते प्रभारी जिला जज रजनीश कुमार, बाएं सीजीएम सूर्यकांत धर दुबे • जागरण

जासं, देवरिया : शनिवार को जिला प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का दीवानी न्यायालय परिसर में आयोजन किया गया। जिसमें 51 हजार 647 मामलों का निस्तारण किया गया, जबकि पांच करोड़ नौ लाख 865 रुपये का समझौता कराया गया।

जनपद न्यायाधीश रवि नाथ के निर्देश पर आयोजित लोक अदालत में जिला न्यायालय द्वारा 2024 मुकदमे, परिवार न्यायालय द्वारा 11 मामले, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति न्यायिक अधिकारी द्वारा 33 मामलों का निस्तारण किया गया। श्रम, राजस्व, बैंक, चकबंदी के लंबित एवं प्री-लिटिगेशन के 49561 मामलों का निस्तारण किया गया। इसके पूर्व लोक अदालत का उद्घाटन प्रभारी जनपद न्यायाधीश रजनीश कुमार व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकांत धर दुबे ने दीप प्रज्ज्वलित कर लोक अदालत का शुभारंभ किया। प्रभारी प्रधान न्यायाधीश मनोज कुमार मिश्र, श्रीकृष्ण यादव, अपर जिला जज अरविंद राय, श्रीमती संध्या श्रीवास्तव, राकेश पटेल, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तहरीम खान, सिविल जज शिवेंद्र कुमार मिश्र, इशरत प्रवीण फारुखी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आरिफ निसामुद्दीन मौजूद रहे।

### मजिस्ट्रेट ने पूछा तो पक्षकारों के आंखों में भर आए आंसू

देवरिया : गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बनकटिया के रहने वाली मेवाती देवी व रामदयाल के बीच पानी गिराने के विवाद को लेकर आठ वर्ष से मुकदमा चल रहा था। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकात धर दुबे ने दोनों पक्षों से पूछा कि मुकदमा लड़ने से कितना समय व धन बर्बाद हुआ है, क्या मिला है। इस पर दोनों पक्षकारो की आंखो में आंसू भर आए और उन्होंने कहा कि साहब, अब हम लोग अपनी गलती पर पश्चाताप करना चाहते है। आगे मुकदमा लड़ना नहीं चाहते। मजिस्ट्रेट ने दोनों पत्रावलियों में सुलहनामा लेकर सुलह की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद दोनों पक्षकार गले मिले और हंसते हुए अपने घर के लिए चले गए।

**मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की पहल पर राजी हुए दोनों पक्षकार :** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अपने अदालत में शनिवार को बैठकर लोक अदालत से संबंधित मुकदमों की सुनवाई कर रहे थे। उसी समय बुजुर्ग वादकारी ने अदालत में प्रवेश किया। जैसे ही उनकी नजर उस बुजुर्ग पर पड़ी तो अर्दली से अपने पास बुलाया और अदालत में आने का कारण पूछा। हाथ में छड़ी व आंखों पर चश्मा लगाए बुजुर्ग ने बताया कि साहब, आंख से अब कम दिखाई दे रहा है। बुढ़ापे के कारण चलने में असमर्थ हो गया हूं। लोक अदालत लगने की खबर अखबार में पढ़ा हूं। आज तारीख होने के कारण न्यायालय आया हूं। मेरा मुकदमा आठ वर्ष से आपके न्यायालय में चल रहा है। 70 वर्ष से अधिक उम्र होने के कारण आने जाने में परेशानी हो रही है। उन्होंने तत्काल दोनों पत्रावलियों को मंगवाया और पक्षकारों के अधिवक्ताओं को भी बुलवाया।

### लोक अदालत में 350 मामले निस्तारित

जा,सं,भाटपाररानी : विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को तहसील सभागार में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें कुल 350 मामले निस्तारित किए गए। उप जिलाधिकारी ध्रुव शुक्ला ,तहसीलदार अश्वनी कुमार, नायब तहसीलदार करण सिंह की मौजूदगी में कोर्ट सहित अन्य प्रार्थना पत्र आय, जाति, निवास, आर जी एस वाई आदि के मामलों का निपटारा हुआ इसके साथ अन्य मामलों का सेटलमेंट हुआ।

अमर उजाला दि. 5/7/21

# वित्त एवं लेखाधिकारी समेत 17 पर धोखाधड़ी का केस

## अनुदानित विद्यालयों में फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर नियुक्ति और वेतन भुगतान का मामला, एसटीएफ ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। अनुदानित विद्यालयों में फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर नियुक्ति और वेतन भुगतान के आरोप में एसटीएफ गोरखपुर ने शुक्रवार की रात में 17 लोगों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। इसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के वित्त एवं लेखाधिकारी सहित कई स्कूल प्रबंधक भी शामिल हैं। एसटीएफ ने पांच लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है। एसटीएफ के निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।

बीएसए आफिस और स्कूल प्रबंधकों की मिलीभगत से जिले के अनुदानित स्कूलों में फर्जी नियुक्तियां की गई हैं। इन पर पूर्व में कई बार सवाल उठ चुका है। इधर, शासन के कड़े रुख के बाद ऐसे स्कूलों में की गई नियुक्तियों की जांच की जा रही है।

जांच में कई अनुदानित स्कूलों में फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर नियुक्तियों का मामला पकड़ में आया है। पकड़े गए आरोपियों ने फर्जी अनुमोदन के आधार पर वेतन भुगतान कराया है। डिस्पैच रजिस्टर में भी हेराफेरी की गई है।



गिरफ्तार फर्जी शिक्षकों को शनिवार को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची पुलिस। -संवाद न्यूज एजेंसी

इस मामले में एसटीएफ के निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह की तहरीर पर वित्त व लेखाधिकारी जगदीश लाल श्रीवास्तव, दिलीप कुमार उपाध्याय, राघवेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, विमल कुमार शुक्ला, ब्रजेश सिंह, अजीत उपाध्याय, राजकुमार मणि, ओमप्रकाश मिश्र, जनार्दन उपाध्याय, कुमारी अंजना, सुरेंद्र यादव, विनय कुमार, जगदीश यादव, कुमारी विमला यादव, नीतू रस्तोगी, श्वेता मिश्रा, रंजना कुमारी पर कोतवाली में धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

रात में ही अजीत उपाध्याय निवासी मनिहारी कोतवाली सलेमपुर, राजकुमार मणि निवासी बौरडीह गौरी बाजार, संजय कुमार आर्य निवासी खामपार, ओमप्रकाश मिश्र निवासी अहिल्यापुर बुजुर्ग सदर कोतवाली, मुन्ना यादव निवासी भटवलिया सदर कोतवाली को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ के निरीक्षक एसपी सिंह ने बताया कि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## फर्जी प्रमाण-पत्र बीएसए ऑफिस का वित्त और लेखाधिकारी निकला मास्टर मांइड

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जनपद के कई अशासकीय सहायता प्राप्त पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में बैक डेट में अनुमोदन पत्र तैयार कर अध्यापकों की नियुक्ति की गई है। एसटीएफ की जांच में अब तक 19 शिक्षकों का अनुमोदन पत्र फर्जी पाया गया है। सिद्धार्थनगर के जिलाविद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायण मौर्य के फर्जी हस्ताक्षर और बीएसए आफिस की मिलीभगत से चहेतों को रेवड़ी की तरह नौकरी बांटने का काम होता आ रहा है। इसके बदले करोड़ों रुपये का लेन-देन हुआ है। अवैध कमाई से कुछ अनुदानित विद्यालयों के प्रबंधक और बीएसए आफिस के कर्मचारियों ने अकूत संपत्ति जुटा ली है।

**ये सामान हुए बरामद**

*13660 रुपये, 11 मोबाइल सिम, एक पैन कार्ड, दो आधार कार्ड, एक कंप्यूटर सिस्टम, भारी मात्रा में मुहर और दस्तावेज, वाहन बरामद हुए हैं।*

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रहे अवधेश नारायण मौर्य (अब सिद्धार्थनगर के जिलाविद्यालय निरीक्षक) के पत्र के जरिए एसटीएफ ने जांच की तो पता चला कि चार शिक्षकों का अनुमोदन पत्र उनके फर्जी हस्ताक्षर से बैक डेट में स्कैन कर बनाया गया है। 2011 में जारी पत्र से 2016 में एरियर का भुगतान किया गया है। पूरे खेल में वित्त एवं लेखाधिकारी की भूमिका थी। गिरफ्तार अजीत उपाध्याय ने फर्जी अनुमोदन के जरिए भाई दिलीप को शिक्षक के पद पर नियुक्त कराया। ठेकेदार राजकुमार मणि की विभाग में अच्छी पकड़ थी। हर समय वित्त एवं लेखाधिकारी के साथ रहने वाले इस ठेकेदार ने मौका मिलते ही अपनी पत्नी रंजना को सहदेव बालिका पूर्व माध्यमिक बाबू बभनी में शिक्षक बनवा दिया। शिक्षक ओम प्रकाश मिश्र बीएसए कार्यालय से संबद्ध है। उसने अपने रिश्तेदार श्वेता मिश्र को बैक डेट में शिक्षक पद पर नियुक्ति कराने के बाद चालीस लाख एरियर का भुगतान करा लिया। इस धन को राजकुमार मणि और वित्त व लेखाधिकारी जगदीश लाल श्रीवास्तव ने बांट लिया। लिपिक जनार्दन उपाध्याय सेवानिवृत्त होने के बाद भी कार्यालय में जमे रहते हैं। अनुचर संजय कुमार रजिस्टर का पन्ना फाड़कर डिस्पैच किया है। आरोपी ओम प्रकाश मिश्र ने एसटीएफ को बताया कि फर्जी अनुमोदन का कागजात मुन्ना यादव के यहां मौजूद है। दबिश के दौरान पकड़ में आए मुन्ना के घर से फर्जी कागजात भी बरामद हो गए। इसमें रंजना, श्वेता, और मुन्ना के पुत्र विनय कुमार सहित आठ शिक्षकों के कागजात थे।

अमर उजाला दि. 11/7/21

# चौकस रही पुलिस, बुलाई गई थी कई थानों की फोर्स

## बरहज और भलुअनी में चुनाव पर प्रशासन की रही विशेष नजर

संवाद न्यूज एजेंसी

**बरहज।** ब्लॉक प्रमुख चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन बेहद चौकन्ना रहा। एहतियात को लेकर पीएसी और कई थानों की पुलिस बुलाई गई थी। जबकि डीएम आशुतोष निरंजन और एसपी डॉ.श्रीपति मिश्र ने चुनाव स्थलियों का निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दोनों ब्लॉकों में पैनी नजर रखने का निर्देश दिया।

शनिवार को ब्लॉक प्रमुख चुनाव में दोनों ब्लॉकों के प्रत्याशियों के बीच मुकाबला रोचक रहा। जीत हासिल करने के लिए उम्मीदवार-समर्थक एड़ी-चोटी एक कर दिए थे। बीडीसी सदस्यों को वोट करने के लिए गाड़ियों में भरकर लाया जा रहा था। बरहज में स्कूली बस तो एक खेमें की ओर से एक बस और करीब 15 वाहनों से क्षेत्र पंचायत को सदस्यों को लाया गया। कुछ देर के लिए माहौल गरम हो गया था।



सलेमपुर रेलवे स्टेशन गेट के पास पूर्व एसडीएम ओमप्रकाश बरनवाल, कोतवाल नवीन कुमार मिश्र व विधायक काली प्रसाद। - संवाद न्यूज एजेंसी

जबकि प्रशासन भी हरकत में आ गया। मतदाताओं के बूथ तक जाने के बाद अधिकारियों ने राहत महसूस की। ब्लॉक के मुख्य गेट से करीब 50 मीटर की दूरी पर बने बैरीकेड से मतदाताओं को छोड़ अन्य सभी के आवाजाही पर रोक थी। मतदाताओं के प्रमाण पत्र, आईडी, मॉस्क आदि चेक कर उन्हें अंदर आंने दिया जा रहा था। हालात पर एसडीएम संजीव कुमार यादव और सीओ देव आनंद नजर बनाए हुए थे। सकुशल चुनाव संपन्न कराने को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। मौके पर बीडीओ शशि पांडेय, भलुअनी आलोक दत्त उपाध्याय, एडीओ पंचायत पूर्णिमा यादव, इंस्पेक्टर टीजे सिंह, थानाध्यक्ष भलुअनी सुदेश शर्मा, एसआई सुमित राय, वीरेंद्र मौर्य, छोटेलाल, रविप्रताप सिंह, ऋषिमुनि, संजय यादव आदि मौजूद रहे।

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-07-2021



# चोरी की घटना का खुलाशा, चोरी के जेवरात व नगदी सहित दो गिरफ्तार

कुशीनगर । जनपद के सेवरही पुलिस ने थाना क्षेत्र में गत दिवस हुए चोरी का सफल खुलासा करते हुये दो अभियुक्तो को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का जेवरात व नकदी बरामद करने में कामयाबी पायी है।

मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक कुशीनगर सचिन्द्र पटेल के निर्देशन में जनपद कुशीनगर में अपराध एवं अराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार थानाध्यक्ष सेवरही महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, उप निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र आरक्षी इशरार अहमद, रोशन तिवारी टीम द्वारा पुरानी बाजार के पास से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा से संबंधित वांछित अभियुक्तों असलम पुत्र हसमुद्दीन ,समशाद पुत्र इल्ताफ अंसारी साकिनान तिरकोलिया वार्ड नं0 3 सेवरही बाजार थाना सेवरही जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चोरी की गयी समान एक टप्स पीली धातु, एक जोडी झुमकी पीली धातु, एक अदद मंगल सूत्र पीली धातु, एक अदद आधार कार्ड एवं पाँच हजार रूपया नगद बरामद करने में कामयाबी पायी है।

मुकामी पुलिस बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुटी है।

# कुशीनगर का अपहृत युवक गोरखपुर से हुआ बरामद


गोरखपुर | वरिष्ठ संवाददाता

चिलुआताल थाना क्षेत्र के कुशहरा निवासी मारुतिनंदन पुत्र श्री शिव शंकर सिंह ने शनिवार की सुबह अहिरौली कुशीनगर से 23 वर्षीय एक युवक गोपाल सिंह पुत्र मिनरसेन सिंह का अपहरण कर लिया।

युवक को कुशहरा ले आए थे। रात दस बजे के क़रीब अहिरौली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ कुशहरा में दबिश देकर गोपाल सिंह को बरामद कर लिया। वहीं अपहरण के आरोप में मारुति नंदन को गिरफ़्तार करके अपने साथ ले गई। जानकारी मिली है की मारुति अपने बोलेरो गाड़ी से गोपाल सिंह का अपहरण करके अपने घर ले आए थे अहिरौली थाने पर गोपाल के घर वालों ने अपहरण की सूचना दी थी जिसके बाद सर्विलांस के मदद से यहां आकार गिरफ़्तार कर लिया। मारुतिनंदन का कहना है की गोपाल उसके अहिरौली स्थित शराब की दुकान का मुंशी था पाँच लाख रुपए लिया है जो दे नहीं रहा था इसीलिए साथ ले आया था।



रामकोला ब्लॉक में प्रमुख चुनाव के दौरान निरीक्षण करते डीएम एस राजलिंगम और एसपी सचिंद्र पटेल।



पडरौना ब्लॉक के बाहर सुरक्षा में तैनात कोतवाल अनुज सिंह व अन्य पुलिस के जवान। *संवाद न्यूज एजेंसी*



ब्लॉक प्रमुख के लिए चल रहे मतदान के लिए पडरौना ब्लॉक सभागार में बने बूथ का निरीक्षण पहुंचे प्रेक्षक सुखलाल।

MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 11-07-2021

# लोक अदालत में 10690 वादों का हुआ निस्तारण

## आयोजन

महराजगंज | निज संवाददाता

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को दीवानी न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रशासनिक न्यायामूर्ति उमेश कुमार ने किया। इस दौरान पूरे जिले से सर्वसम्मत से 10690 वादों का निस्तारण किया गया। वहीं राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादों में 1,11,72,000 रुपये क्षतिपूर्ति, 3,53,560 रूपये अर्थदण्ड के रूप में वसूल किया गया। इस दौरान विभिन्न न्यायाधीशों द्वारा 35,33,248 रुपये का उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र भी जारी किया गया।

दीवानी न्यायालय में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप जैन द्वारा दो, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा 44, पीठासीन अधिकारी द्वारा 30, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम द्वारा 11, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय द्वारा 21, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 585, सिविल जज प्रवर खण्ड त्वरित न्यायालय 93, सिविल जज अवर खण्ड/न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 69, सिविल जज अवर खण्ड फरेन्दा द्वारा 324, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 85, अपर सिविल जज अवर खण्ड कोर्ट सं. दो द्वारा तीन, अपर सिविल जज अवर खण्ड कोट तीन द्वारा पांच एवं सिविल जज अवर खण्ड त्वरित न्यायालय कोर्ट दो द्वारा दो वादों का निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त समस्त राजस्व, चकबन्दी न्यायालयों में भी 8190 लम्बित वादों का निस्तारण किया गया। वहीं राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा भी 1186 ऋण की वसूली से संबंधित प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण किया गया। जनपद न्यायाधीश संदीप जैन, पीठासीन अधिकारी मोटर प्रतिकर न्यायाधिकरण संजय यादव, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय हरिनाथ पांडे, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम महेश कुशवाहा सहित जनपद के तमाम न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी एवं भारी संख्या में वादकारी उपस्थित रहे।



शनिवार को दीवानी न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ प्रशासनिक न्यायमूर्ति उमेश कुमार ने किया। • हिन्दुस्तान

## दस परिवार हुए एक

राष्ट्रीय लोक अदालत में परिवार न्यायालय द्वारा भी 18 परिवारों का पुर्नमिलन कराया गया। परिवार न्यायालय द्वारा सहीबुन-सबरूल्लाह, शोहदा खातून-मु.आजम, रीमा सिंह-अनिल सिंह, संध्या राय-दीपू राय, सरिता-रवि जायसवाल, ममता-विजय, नुरैसा खातून- सद्दाम हुसैन, गुड़िया देवी-मुन्ना सहानी, रिंजू-अजय कुमार राय, परोजन उर्फ गीता-मनोज, मुकेश कुमार-मुनीता, तसरी फुननिशा-सदरे आलम, विनोद-गीता, शाहजहं-सगीर, नीलम-बुधेश, जफर अली-नूरी खातून, सुनील-ज्योति व सविता-अनिल के परिवार को टूटने से बचाया गया।

महराजगंज जागरण

# राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ 10690 वादों का निस्तारण

## 1.11 करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति व 3.53 लाख रुपये वसूले अर्थदंड



राष्ट्रीय लोक अदालत में उमड़े लोग • जागरण

**जासं, महराजगंजः** राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को दीवानी न्यायालय महराजगंज, फरेंदा व कलक्ट्रेट परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग एवं जिले के प्रशासनिक न्यायमूर्ति उमेश कुमार एवं जनपद न्यायाधीश संदीप जैन की देखरेख में आयोजित की गई। जहां कुल 10690 वादों का निस्तारण किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप जैन द्वारा खुद दो वादों का निस्तारण किया गया। एक करोड़ 11 लाख 72 हजार रुपये क्षतिपूर्ति के रूप में वादकारियों को दिलवाया गया। तीन लाख 53 हजार 560 रुपये अर्थदंड वसूले गए। 35 लाख 33 हजार 248 रुपये का उत्तराधिकार प्रमाणपत्र जारी किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रयागदत्त शुक्ला ने बताया कि आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार की सुबह जनपद न्यायाधीश संदीप जैन द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगे सहायता पटल का निरीक्षण किया गया। समस्त राजस्व एवं चकबंदी न्यायालयों द्वारा कुल 8190 वादों का निस्तारण किया गया। बैंकों के कुल 1186 ऋण की वसूली से संबंधित मामलों का निस्तारण करते हुए एक करोड़, 34 लाख, 16 हजार 757 रुपये वसूल किए गए। जबकि बैंक प्रबंधन ने दो करोड़, 31 लाख, 56 हजार 590 रुपये ऋण धारकों को छूट भी दिया। इस तरह से कुल सात करोड़ दो लाख, 25 हजार 92 रुपये के लोन का सेटलमेंट किया गया। परिवार न्यायालय द्वारा कुल 18 परिवारिक मामलों जोड़ों का पुनर्मिलन कराया गया। जनपद न्यायाधीश संदीप जैन के साथ प्रधान न्यायाधीश संजय यादव, न्यायाधीश हरिनाथ पांडेय मौजूद रहे।

# भाजपा व सपा कार्यकर्ताओं में नोकझोंक, तैनात रही पुलिस

**जागरण संवाददाता, नौतनवा:** ब्लाक प्रमुख मतदान की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शनिवार सुबह से ही नौतनवा ब्लाक कार्यालय पर काफी संख्या में पुलिस की तैनाती रही। मतदान के दौरान लगाए गए बैरियर के दूसरे तरफ अलग-अलग खेमों में भाजपा व सपा कार्यकर्ता जुटे हुए थे। इस बीच भाजपा की ओर से एक बीडीसी महिला सदस्य को प्रमाण पत्र व बरगलाने का आरोप लगाते हुए सपा के लोगों ने हो-हल्ला मचाया। जिसको लेकर पुलिस सतर्क हो गई। सीओ कोलम प्रसाद मिश्र ने कहा कि एक बीडीसी सदस्य का प्रमाण पत्र छूट गया था, जिसको लेने वह आई तो, जिसको लेकर विवाद उत्पन्न हो गया।

दोपहर बाद डीएम डा.उज्ज्वल कुमार व एसपी प्रदीप गुप्ता ने मतदान केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया और शांतिप्रिय ढंग से चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए। एसडीएम रामसजीवन मौर्या, सीओ कोमल प्रसाद मिश्र, इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय, कोतवाल प्रभारी निरीक्षक दिनेश तिवारी, गौरव यादव, कमलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मारपीट के मामले में तीन के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**जासं, घुघली :** थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव में शुक्रवार को हुई दो पक्षों में मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर मारपीट में घायल वृद्ध वीरेंद्र पांडेय की हालत पीजीआइ लखनऊ में गंभीर बनी हुई है। पुलिस आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। चैनपुर गांव में शुक्रवार को ग्रामवासी गोविंद और पप्पू सिंह के बीच विवाद हो गया। सूचना मिलने पर गोविंद के पिता वीरेंद्र पांडेय अपने दूसरे पुत्र गोलू के साथ विवाद छुड़ाने चले गए । वहां विवाद बढ़ गया और वहां दोनों पक्षों में हुई मारपीट में विरेंद्र, गोलू और गोविंद की हालत गंभीर हो गई।

## कार्रवाई

- **घुघली क्षेत्र के चैनपुर में मामूली विवाद को लेकर हुई थी मारपीट**
- **आरोपित ने लाठी मारकर तीन लोगों को कर दिया था गंभीर**

मारपीट के बाद तीनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया , जहां से वीरेंद्र की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें पीजीआइ के लिए रेफर कर दिया गया । घुघली के थानेदार अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट में घायल विरेंद्र के भाई नर्वदेश्वर पांडेय की तहरीर पर आरोपित पप्पू, रामबचन सिंह और मोनी के खिलाफ मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## कार की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**जासं, नौतनवा :** थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग चंडीथान के करीब शनिवार सुबह कार की चपेट में आने से चरवाहा परदेशी यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से नौतनवा पीएचसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। चंडीथान गांव निवासी परदेशी यादव प्रतिदिन की तरह शनिवार को भी हाईवे के पास चार साथियों के साथ भैंस चराने गए थे। वह चंडी स्थान चौराहे से 200 मीटर उत्तर पहुंचे ही थे।

## तीन का शांतिभंग में चालान

**आनंदनगर :** पुरंदरपुर पुलिस ने शनिवार को शांति व्यवस्था के मद्देनजर कुल तीन लोगों को न्यायालय चालान भेज दिया है। थानेदार रवि कुमार राय ने बताया कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए कार्रवाई की गई है। (जासं.)

## 169 वाहनों का चालान

**महराजगंज :** जिला यातायात पुलिस ने शनिवार को साप्ताहिक बंदी के दौरान मनमानी करने वाले कुल 169 वाहनों का जहां चालान काटा, वहीं कुल दो वाहनों से दो हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया गया । यातायात प्रभारी जयनारायण यादव ने बताया कि यातायात नियमों को तोड़ने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। (जासं.)

## कच्ची के साथ दो गिरफ्तार

**महराजगंज :** सदर कोतवाली थाने की पुलिस ने शनिवार को दो आरोपितों के पास से 38 लीटर कच्ची बरामद करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपितों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। (जासं.)

## प्रतिबंधित इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार

**ठूठीबारी।** नेपाल के सरावल गांव पालिका वार्ड नंबर 3 पिपरा में एक युवक आलू भरे झोले में प्रतिबंधित इंजेक्शन छिपाकर ले जा रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। नेपाल नवलपरासी जिला प्रहरी कार्यालय सूचना अधिकारी डीएसपी राजू लामा ने बताया कि वर्दघाट व गोबरहिया पुलिस चौकी की संयुक्त टीम ने सरावल गांव पालिका वार्ड नंबर 3 पिपरा में वाहन चेकिंग कर रही थी। इस बीच एक युवक को प्रतिबंधित इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान नवलपरासी जिले के सरावल गांव पालिका बरसारे निवासी शीव चंद्र के रूप में हुई। आरोपित को कार्रवाई के लिए महेशपुर भंसार कार्यालय को सौंप दिया गया। संवाद

## सड़क हादसे में तीन लोग घायल

**फरेंदा।** गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार रात में करीब दस बजे अज्ञात वाहन की चपेट में बाइक सवार आ गए। बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने घायलों को सीएचसी बनकटी भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फरेंदा थानाक्षेत्र के लेजार महदेवा निवासी रूद्र पांडेय (24), राहुल (18) व छाया (45) एक ही बाइक पर सवार होकर सीएचसी बनकटी दवा कराने जा रहे थे। अस्पताल के करीब पहुंचे थे कि वाहन की चपेट में आ गए। संवाद

## लकड़ी का बोटा ले जाते दो गिरफ्तार

**फरेंदा।** वन विभाग की टीम ने गश्त के दौरान बाइक पर लदा साखू का दो बोटा ले जाते समय दो लोगों को पकड़ा। शनिवार शाम करीब 6 बजे गश्त के दौरान पचरूखी मंदिर के पास बाइक पर साखू का बोटा ले जाते समय दो लोग दिखाई दिए। पूछताछ में आरोपितों ने अपना नाम सुग्रीव निवासी हड़हवा व बैजनाथ निवासी निरनाम पश्चिमी टोला गुदरीपुर बताया। दोनों को गिरफ्तार करते हुए लकड़ी व वाहन को कब्जे में लेकर वन रेंज लाया गया। यह जानकारी वन दरोगा अरुण सिंह ने दी। संवाद

## फल लदे 15 भारतीय ट्रक सीज

**सोनौली।** भारत-नेपाल सीमा सोनौली से सटे नेपाल के रूपनदेही जिले की पुलिस ने भंसार राजस्व चोरी के आरोप में फल लदे 15 ट्रकों को सीज कर दिया। चालकों को गिरफ्तार कर माल सहित अग्रिम कार्रवाई के लिए बुटवल राजस्व अनुसंधान कार्यालय को सौंप दिया गया। यह जानकारी जिला प्रहरी कार्यालय रूपनदेही डीएसपी सत्यनारायण थापा ने दी। संवाद

# BASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-07-2021

# इनामी गैंगस्टर असलहे के साथ दबोचा गया

बस्ती/परसरामपुर | हिन्दुस्तान टीम

एसटीएफ लखनऊ की मदद से परसरामपुर पुलिस ने गैंगस्टर में वांछित 25 हजार के इनामिया शातिर को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक तमंचा-कारतूस और एक कार व मोबाइल बरामद हुआ है।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि गैंगस्टर में वांछित विकास सिंह निवासी डहड़ा बाबू थाना हर्रैया, बस्ती पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। थाना प्रभारी परसरामपुर राजेश कुमार मिश्रा व एसटीएफ लखनऊ के दरोगा मनोज सिंह की टीम ने मुखबिर की सूचना पर विकास सिंह को पकड़ने के लिए परसरामपुर की हैदराबाद पुलिया के पास घेराबंदी की। कार से गुजर रहे विकास को टीम ने घेरकर पकड़ लिया। उसके पास से तमंचा, कारतूस और कार और मोबाइल बरामद हुआ है। कार को परसरामपुर पुलिस ने सीज करने के साथ ही आर्म्स एक्ट की धारा में भी मुकदमा दर्ज कर किया है।

**कामयाबी**

- एसटीएफ लखनऊ की मदद से परसरामपुर पुलिस ने दबोचा
- हर्रैया डहड़ा बाबू का विकास गैंगस्टर एक्ट में था वांछित

धरपकड़ करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक परसरामपुर राजेश कुमार मिश्र, थाने के एसएसआई अरविन्द कुमार यादव, एसटीएफ लखनऊ मुख्यालय के दरोगा मनोज सिंह, परसरामपुर थाने के हेड कांस्टेबल विनय कुमार, देवी प्रसाद गुप्ता, कांस्टेबल अनूप सिंह, महिला कांस्टेबल पूजा, एसटीएफ लखनऊ के हेड कांस्टेबल सुधीर आदि रहे।

# बेटी के हत्यारे पिता को भेजा जेल

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद के ग्राम करौता में संदेहजनक स्थिति में एक युवती की मौत के मामले में उसके पिता को हत्या के आरोप में न्यायालय भेज दिया। उस पर गला दबाकर मारने का आरोप है। इसका खुलासा कब्र से शव निकाल कर हुए पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से हुआ।

कोतवाल मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि ग्राम करौता निवासी सफीना पुत्री साहेब आलम की हत्या कर देने के सम्बन्ध में सूचना मिल रही थी। पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान में लेकर कार्रवाई का निर्देश दिया।

चौकीदार विक्रम प्रसाद ने पांच जुलाई को इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद में एक लिखित सूचना दर्ज कराई गई।

# पशुओं भरा कंटेनर छोड़ भागे तस्कर

**मानिकचंद।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में पॉलीटेक्निक चौराहे से पहले शनिवार की सुबह हरिओम ढाबा के पास पुलिस ने एक कंटेनर से 29 गोवंशीय पशुओं को बरामद किया। वाहन के साथ मौजूद तस्कर व चालक भाग निकले। पुलिस पशुओं को उतरवाने के बाद कंटेनर मालिक के साथ भागे लोगों का पता लगाने में जुट गई है।

फोरलेन पर हरिओम ढाबा के पास एक कंटेनर में कुछ खराबी आने पर उसे खड़ा कर चालक व अन्य सवार नाश्ता करने जा रहे थे। शनिवार की सुबह कंटेनर में कुछ खड़खड़ाहट की आवाज सुनकर लोगों को कुछ गड़बड़ होने का शक हुआ तो तत्काल फोन कर पुरानी बस्ती पुलिस को सूचना दे दी। हेड कांस्टेबल रामजन्म यादव, पवन यादव व सतीश कुमार ने कंटेनर का पिछला



दुबौलिया में व्यवस्था देखने पहुंची डीएम सौम्या अग्रवाल व एसपी आशीष श्रीवास्तव।

## कंटेनर में लदे 28 गोवंश बरामद चालक फरार

**पुरानी बस्ती :** शनिवार को हाईवे पर पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के चैनपुरवा तिराहे पर प्लास्टिक कांपलेक्स चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह व उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ एक सूचना के आधार पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच शक के आधार पर अयोध्या की तरफ से आ रहे एक कंटेनर को रुकने का इशारा किया गया। कंटेनर चालक ने गाड़ी रोकने के बजाए उसकी रफ्तार और तेज कर दी। पुलिस ने उसका पीछा किया तो पालीटेक्निक चौराहे पर चालक कंटेनर छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने कंटेनर खोलकर देखा तो उसमें 28 गोवंश मिले, जिनमें 22 बैल व छह गाय शामिल थी। पुरानी बस्ती थानाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद पटेल ने बताया कि कंटेनर चालक नाम पता अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसका पता लगाया जा रहा है।



पूर्व मंत्री रामप्रसाद चौधरी के आवास पर लगी पुलिस ● जागरण

## पूर्व मंत्री रामप्रसाद दिन भर घर में रहे नजरबंद

**जासं, बस्ती:** प्रमुख पद के नामांकन के दिन हिंसक घटनाओं से सीख लेते हुए प्रशासन शनिवार को मतदान के दिन पूरी तरह अलर्ट रहा। दुबौलिया और रुधौली में प्रमुख पद के होने वाले मतदान को देखते हुए सपा नेता एवं पूर्व मंत्री रामप्रसाद चौधरी को उनके घर में ही पूरे दिन नजर बंद रखा गया।

वहीं बस्ती सदर के पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार उर्फ नंदू चौधरी का पूरा दिन पुरानी बस्ती थाने में बीता। पूर्व मंत्री की मानें तो सुबह आठ बजे ही कोतवाल मनोज तिवारी उनके आवास पर पहुंचे और कहा कि उन्हें कहीं बाहर नहीं जाना है। इस पर उन्होंने कहा कि निश्चिंत रहें, वह पूरे दिन घर में ही रहेंगे। इसके बाद भी कोतवाल, पुलिस कर्मियों के साथ पूरे दिन पूर्व मंत्री के आवास के बाहर जमे रहे। शाम पांच बजे पुलिस का पहरा हटाया गया। कोतवाल का कहना है कि वह उनकी सुरक्षा के लिए वहां मौजूद थे। वहीं पुरानी बस्ती थाने के प्रभारी निरीक्षक ब्रजेंद्र पटेल ने बताया कि पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार उर्फ नंदू चौधरी को पुलिस ने थाने पर नहीं बैठाया था।

# गुंडा एक्ट में पांच लोग हुए पाबंद

बस्ती। कप्तानगंज, सोनहा, कलवारी व रुधौली पुलिस ने पांच लोगों को गुंडा एक्ट में पाबंद किया है। पुलिस कार्यालय के अनुसार कप्तानगंज थाने में तिलक राम उर्फ रामतिलक निवासी कोइलपुरा थाना कप्तानगंज, सोनहा थाने में अब्दुल रहीम निवासी बंजरिया, थाना सोनहा, कलवारी पुलिस ने दीपू सिंह व अरविंद सिंह निवासी सैफाबाद व रुधौली पुलिस ने बसंतपुर निवासी रत्नेश सिंह पर गुंडा एक्ट में कार्यवाही की गई है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 10383 मामले निस्तारित

## प्रशासनिक न्यायमूर्ति व जिला जज की देखरेख में हुई मामलों की सुनवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को 10383 मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कर दिया गया। मुख्य अतिथि प्रशासनिक न्यायमूर्ति न्यायालय इलाहाबाद सिद्धार्थ और जनपद न्यायाधीश विनोद कुमार तृतीय की देखरेख में मामलों की सुनवाई हुई।

इससे पूर्व दीप प्रज्वलन कर राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अर्पिता यादव ने बताया कि कार्यक्रम को पर्व की तरह मनाया गया, जिसमें वादों का निस्तारण 'न्याय चला निर्धन से मिलने' के उद्देश्य के साथ-साथ जनपद न्यायालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के 10037 वादों तथा बैंक ऋण से संबंधित प्री-लिटिगेशन स्तर पर 346 मामलों का निस्तारण सुलह के आधार पर कराया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक वादों के निस्तारण के फलस्वरूप 253385 रुपये अर्थदंड के रूप में वसूले गए। बैंक ऋण के मामलों को निस्तारित कराकर बैंकों की ओर से 39059072 रुपये की धनराशि पर समझौता किया गया। जिलाधिकारी, तहसील बस्ती सदर, हरैया, भानपुर, रुधौली में 7277 वादों का निस्तारण किया गया।



जिला न्यायालय पहुंचे हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायमूर्ति। संवाद न्यूज एजेंसी

# नदी में कूदे युवक को मछुआरों ने बचाया

नगर बाजार (बस्ती)। बस्ती-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर फुटहिया के पास शनिवार की सुबह एक युवक ने कुआनों नदी में छलांग लगा दी। आसपास से गुजर रहे लोगों की सूचना पर पहुंची नगर बाजार थाना पुलिस ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद उसे मछुआरों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उसकी मानसिक स्थिति ठीक न देखकर पुलिस ने परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया।नगर थाना के फुटहिया चौकी प्रभारी रामदेव ने बताया कि शनिवार की सुबह लगभग नौ बजे सूचना मिली कि युवक कुआनों नदी में कूद गया है। सूचना मिलते ही पुलिस वहां पहुंच गई। युवक नगर थाना क्षेत्र के भुअर सराय का निवासी है। पुलिस की ओर से युवक के घर सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि युवक की कुछ वर्षों से मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उनका उपचार लखनऊ से चल रहा है। *संवाद*



रुधौली में एडीएम अभय कुमार मिश्र व एएसपी दीपेन्द्र चौधरी ने संभाली व्यवस्था।




रुधौली में बीडीसी सदस्य पुष्करादित्य सिंह के प्रपत्रों की जांच करती पुलिस।



। रुधौली ब्लॉक मुख्यालय पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। दूसरी ओर दुबौलिया से गीता य



। रुधौली ब्लॉक मुख्यालय पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। दूसरी ओर दुबौलिया से गीता य

# कंटेनर से 29 मवेशी मुक्त कराए गए



**वाल्टरगंज।** पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने शनिवार को एक ढाबा के पास से कंटेनर में लदे 29 पशुओं को मुक्त कराया। ट्रक चालक और उसमें सवार भाग गए। उनकी तलाश की जा रही है।शनिवार की सुबह ढाबा के पास एक कंटेनर आकर रुका। इस दौरान वहां से गुजर रहे लोगों को कंटेनर में कुछ खड़खड़ाहट की आवाज सुनाई पड़ी। लोगों ने शक के आधार पर पुरानी बस्ती पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुरानी बस्ती ने कंटेनर के पिछले दरवाजे को किसी तरह से तोड़कर अंदर देखा तो जानवरों से पुरा कंटेनर भरा पड़ा था। एक-एक जानवरों को बाहर निकाला गया। थानाध्यक्ष बृजेंद्र पटेल ने बताया कि कंटेनर को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। संवाद



पुलिस ने पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार उर्फ नंदू चौधरी को काफी देर तक पुरानी बस्ती थाने में बैठाए रखा। संवाद न्यूज एजेंसी

# नजरबंद रहे पूर्व मंत्री और कई सपा नेता

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। मतदान में बवाल की आशंका के मद्देनजर पुलिस सुबह से अलर्ट मोड में रही।

सपा नेता और पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी के घर के बाहर सुबह ही पुलिस तैनात हो गई थी। वहीं पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार उर्फ नंदू चौधरी को काफी देर तक पुरानी बस्ती थाने में बैठाए रखा गया। इसके अलावा अन्य सपा नेताओं के घरों के आसपास भी पुलिस फोर्स तैनात रही और गतिविधि पर नजर बनाए रखी।



प्रमुख के लिए मतदान के दौरान दुबौलिया ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंची डीएम। साथ में एसपी भी मौजूद थे। संवाद न्यूज एजेंसी

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-07-2021

# मतदान से लेकर मतगणना तक किले में तब्दील रहे सभी ब्लॉक



लॉक प्रमुख चुनाव को लेकर शनिवार को शहर में ब्लॉक से पहले पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग का आवाजाही रोक दी गई थी।

सिद्धार्थनगर | **निज संवाददाता**

ामांकन के दिन इटवा में घटी घटना को लेकर प्रशासन अलर्ट मतदान के दिन अलर्ट रहा। ब्लॉक प्रमुख के लिए शनिवार हुए मतदान व मतगणना को लेकर सभी 10 मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। इटवा ब्लॉक जहां र नामांकन के दौरान बवाल हो गया था वहां पर अभूतपूर्व सुरक्षा रही।

प्रशासन ने इटवा ब्लॉक पर एक सीओ, सात थाना प्रभारी, 25 एसआई, 200 आरक्षी/मुख्य आरक्षी व 15 महिला आरक्षी तैनात किए थे। सौ मीटर की परिधि में प्रत्याशी व मतदाताओं को छोड़ किसी अन्य को जाने की इजाजत नहीं दी गई थी। भारी वाहनों का आवागमन इटवा कस्बे में वर्जित कर रखा गया था। वाहनों को ढेबरुआ से डायवर्ट कर शोहरतगढ़-सनई चौराहा से होकर जाने दिया जा रहा था। डुमरियागंज से इटवा की तरफ जाने वाले भारी वाहन डुमरियागंज से डायवर्ट होकर मिठवल, बांसी होते हुए गुजर रहे थे। बाकी नौ मतदान केंद्रों नौगढ़, शोहरतगढ़, लोटन, ढेबरुआ, डुमरियागंज, भनवापुर, बांसी, खेसरहा व जोगिया पर दो-दो थाना प्रभारी/निरीक्षक, 10 उपनिरीक्षक, 45 आरक्षी/मुख्य आरक्षी व पांच महिला आरक्षी लगाए गए थे। यूपी 112 के वाहनों को भी मतदान केंद्रों के आसपास लगाया गया था।

## बस ने तोड़ी बैरिकेडिंग

**डुमरियागंज।** पुलिस ने कस्बे में जगह-जगह बैरिकेडिंग कर रखा था। इस दौरान एक मिनी बस बस्ती की तरफ से तेज रफ्तार से आते हुए ब्लॉक के दक्षिण तरफ बने बैरिकेडिंग को तोड़ दिया और वहां तैनात पुलिस देखती रह गई।




नौगढ़ मतदान केंद्र पर पहुंचकर डीएम दीपक मीणा व एसपी राम अभिलाष त्रिपाठी ने जायजा लिया।

# पुलिस छावनी में तब्दील रहा इटवा, शांति पूर्वक हुआ मतदान

जागरण संवाददाता, इटवा, सिद्धार्थनगर : ब्लाक प्रमुख चुनाव में नामांकन के दौरान इटवा में हुए बवाल के बाद शनिवार को मतदान को लेकर प्रशासन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की। इसे संवेदनशील मान कर रणनीति बनाई। पूरा इटवा कस्बा पुलिस छावनी में तब्दील रहा। एसडीएम उमेश चंद्र निगम व पुलिस क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ प्रदीप कुमार यादव के हाथों में सुरक्षा की कमान रही। एसओ इटवा ज्ञानेंद्र राय के साथ आधा दर्जन इंस्पेक्टर स्थिति पर नजर बना रखे। पीएसी के जवान की भी ड्यूटी लगाई। तनावपूर्ण लेकिन शांतिपूर्वक तीन बजे तक मतदान संपन्न हुआ।

- एसडीएम उमेश निगम व पुलिस क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ प्रदीप यादव ने संभाली कमान
- आधा दर्जन इंस्पेक्टर ड्यूटी पर रहे मुस्तैद, पुलिस फोर्स के अलावा पीएसी भी रही तैनात

मतदान की तैयारी में प्रशासन रात से ही पसीने बहा रहा था। छह जगहों पर बैरीकेडिंग की। सुबह साढ़े नौ बजे से ही जवानों की तैनाती कर दी गई। चौराहा, ब्लाक गेट और मतदान स्थल के पास सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। महिला बीडीसी की संख्या करीब 35 होने से महिला पुलिस भी पर्याप्त संख्या में लगाई गई। शांति पूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए एसओ सदर केडी सिंह, गोल्हौरा वेदप्रकाश श्रीवास्तव, कपिलवस्तु महेश सिंह, मिश्रौलिया अशोक कुमार वर्मा, पथरा शशिप्रकाश सिंह के साथ कई निरीक्षक व एसआइ को लगाया। ब्लाक के अंदर की व्यवस्था बीडीओ सतीश कुमार पांडेय के जिम्मे रही।

# छिटपुट झड़प के बीच शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न

## बीडीसी की छीनाझपटी का पूरे समय होता रहा प्रयास, झड़प के दौरान एक वीडीसी का फटा कपड़ा

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : ब्लाक प्रमुख चुनाव को लेकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी अलर्ट रहे। मतदान के दौरान कई बार दोनों पक्ष आसमने-सामने हुए। स्थिति को संभालने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बीडीसी की छीनाझपटी का भी प्रयास होता रहा। एक-दूसरे पर आरोप भी लगाते रहे।

नौगढ़ ब्लाक के सामने सुबह से ही भाजपा प्रत्याशी रेनू मिश्रा व निर्दल प्रियंका सिंह के मतदाता बीडीसी व समर्थक जुटने लगे। दोनों पक्ष एक-दूसरे के खेमे में मतदाता बीडीसी की छीनाझपटी का प्रयास किया। करीब 11 बजे निर्दल प्रत्याशी के खेमा से जैसे ही बीडीसी विजय यादव मतदान करने के लिए आगे आया, दूसरे गुट के समर्थकों ने उसे पकड़ लिया। खींच कर सामने गली में ले जाने लगे। यह देख एसडीएम सदर विकास कश्यप, सीओ सदर राणा महेंद्र प्रताप सिंह, निरीक्षक राजेंद्र प्रताप सिंह यादव फोर्स के साथ पहुंच गए। बीडीसी को उनके चंगुल से छुड़ाया। इस दौरान उसके कपड़े फट गए। हाथ व छाती में चोट भी आई। यह देख प्रशासन ने दोनों गुट के मतदाता को अलग-अलग भेजने की रणनीति बनाई। इसके बाद दोनों पक्ष एक-दूसरे पर लगातार आरोप-प्रत्यारोप करते रहे। पुलिस के कड़े तेवर देख भाजपाइयों ने धरना देने का प्रयास भी किया। लेकिन पुलिस जवानों ने लाठी पटक कर उन्हें हटाया। सूचना मिलने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद माधव मौके पर पहुंचे। समर्थकों को समझा-बुझा कर शांत कराया, इसके बाद स्थिति सामान्य हुई।




भाजपा और निर्दल कार्यकर्ता एक-दूसरे से भीड़ बीच बचाव करते पुलिस के जवान व सदर ब्लाक में भाजपा कार्यकर्ताओं से तीखी नोकझोंक के बीच जिलाध्यक्ष गोविंद माधव से वार्ता करते सीओ सदर राणा महेंद्र प्रताप सिंह (बाएं) पूर्व जिलाध्यक्ष लालजी त्रिपाठी (मध्य में) • जागरण




डीएम दीपक मीणा व एसपी राम अभिलाष त्रिपाठी (बाएं से) शिकायत करते निर्दल प्रत्याशी प्रियंका सिंह के समर्थक व नौगढ़ ब्लाक में सड़क पर धरने पर बैठे भाजपा कार्यकर्ता • जागरण

**निर्दल प्रत्याशी ने की पुर्नमतगणना की मांग:** मतगणना के बाद जब भाजपा प्रत्याशी रेनू मिश्रा विजयी घोषित हुई तो इसके विरोध में निर्दल प्रियंका सिंह कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी दीपक मीणा से मिली। मतगणना में धांधली करने का आरोप लगाते हुए पुर्नमतगणना की मांग की। अपने पास मतदाता की पर्याप्त संख्या का दावा किया।

जिलाधिकारी ने उनसे कहा कि इस चुनाव में अगर हार-जीत का अंतर अगर एक और दो वोट का होता है तो फिर से गिनती कराने से परिणाम में असर पड़ सकता है। आठ मत का अंतर है, इसलिए यह संभव नहीं है।



ब्लॉक प्रमुख मतदान के दौरान नौगढ़ ब्लॉक के गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मी। *संवाद न्यूज एजेंसी*

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-07-2021

# डीएम-एसपी ने लिया हालात का जायजा

मतदान व मतगणना शांति पूर्वक सम्पन कराने के मद्देनजर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ब्लॉक सुरक्षा की स्थित का जायजा लेने ब्लॉक परिसर में पहुँचे। मौके पर ड्यूटी पर मौजूद जहाँ सुरक्षा कर्मियों का हाल जाना। वहीं मतदान व मतगणना में लगे कर्मियों को निष्पक्ष पूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। और मतदान स्थल पर मौजूद दोनों प्रत्याशीयो का हाल पूछते हुआ कहा। कि मतदान व मतगणना निष्पक्ष पूर्ण होगी। कही से कोई शिकायत होने पर तत्काल सूचना देने की सलाह दी। अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील भी करते रहे। उन्होंने लोगों से कहा कि चुनाव के दौरान कोई हंगामा न हो जो करेगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस

# निष्पक्ष चुनाव को मुस्तैद रहीं डीएम, एसपी

नाथनगर | हिन्दुस्तान संवाद

डीएम दिव्या मित्तल, एसपी डॉ. कौस्तुभ शनिवार को मतदान केंद्र नाथनगर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मियों को निष्पक्षता के साथ प्रक्रिया सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। मतदाताओ से बगैर भय के मतदान करने की बात कही।

डीएम दिव्या मित्तल, एसपी डॉ. कौस्तुभ भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ सीधे मतदान केंद्र पहुंचे। तैनात कर्मियों से जानकारी प्राप्त की। पूरे परिसर का निरीक्षण किया। दोनों शीर्ष अधिकारियों ने कहा कि प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराएं। लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। कोताही न बरतें। पुलिस कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सत्यापन के बाद ही बीडीसी सदस्यों को प्रवेश करने की अनुमति मिले। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाशत नहीं होगी। इस मौके पर इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार गौतम, एसओ धर्मेन्द्र कुमार सिंह, राजेश मिश्रा, रमेश तिवारी, आरओ नागेन्द्र कुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार यादव मौजूद रहे।



हैंसर बाजार में लोगों से बात करतीं डीएम दिव्या मित्तल।

# बेटी के हत्यारे पिता को भेजा जेल

संतकबीरनगर | निज संवाददाता

कोतवाली खलीलाबाद के ग्राम करौता में संदेहजनक स्थिति में एक युवती की मौत के मामले में उसके पिता को हत्या के आरोप में न्यायालय भेज दिया। उस पर गला दबाकर मारने का आरोप है। इसका खुलासा कब्र से शव निकाल किए गए पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से हुआ।

कोतवाल मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि ग्राम करौता निवासी सफीना पुत्री साहेब आलम की हत्या कर देने के सम्बन्ध में सूचना मिल रही थी। पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान में लेकर कार्रवाई का निर्देश दिया। चौकीदार विक्रम प्रसाद ने पांच जुलाई को इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद में एक लिखित सूचना दर्ज कराई गई। इस पर जिलाधिकारी की अनुमति से सात जुलाई को ग्राम करौता स्थित कब्रिस्तान से सक्षम मजिस्ट्रेट व पर्याप्त पुलिस बल की मौजूदगी में सफीना के शव को कब्र से निकालकर पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की कार्यवाही कराई गई।

# लोक अदालत :2960 वादकारियों को मिला लाभ

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महफूज अली की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर जिला जज ने इसका शुभारम्भ किया। लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों, फोरमों एवं प्रशासनिक विभागों में कुल 6662 मुकदमें लगाए गए थे जिनमें से 2960 मामलों का निस्तारण किया गया। कुल ₹ 45,00,595/- का अर्थदण्ड एवं ₹4,03,77,000/- की बैंक ऋण की वसूली हुई। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना का प्रतिकर ₹42,15,000/- और ₹8,03,800 का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव हरिकेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत दीवानी न्यायालय के आलवा जनपद की तीनों तहसीलों खलीलाबाद, मेंहदावल और धनघटा में भी आयोजित हुई। लोक अदालत में विभिन्न बैंको द्वारा शिविर लगाए गए जिनमें 395 मामलों का निपटारा किया गया और चार करोड़ सैंतीस लाख सात हजार ₹ की बकाया ऋण वसूली की गयी। दीवानी न्यायालय में 4556 मुकदमों में से 1217 मुकदमों का निस्तारण किया गया जिनमें पैंतालिस लाख पांच सौ पच्चानबे ₹ का अर्थ दण्ड वसूल किया गया। प्रशासनिक वादों में कुल 1361 से 1348 मामलों का निस्तारण किया गया। न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश महफूज अली की कोर्ट में कुल 02 मामलों का निस्तारण करते हुए ₹1000/- का अर्थदण्ड वसूला गया। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना अधिकरण आशीष जैन की कोर्ट में कुल 36 मामलों में से 17 मामलों का निस्तारण करते हुए कुल ₹42,15,000/-प्रतिकर दिलाया गया। पीठासीन अधिकारी परिवार न्यायालय एवं अतिरिक्त पीठासीन अधिकारी परिवार न्यायालय विरेन्द्र कुमार एवं राकेश कुमार द्वारा कुल 10 में से 03 मामलों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया गया। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी लोक अदालत अनिल



लोक अदालत का उद्घाटन करते जिला जज।

कुमार वशिष्ठ की अदालत में कुल 10 मामलों का निस्तारण किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्टेट शिखा जायसवाल की कोर्ट में कुल 513 मामलों का निस्तारण करते हुए ₹2,17,030/- का अर्थदण्ड वसूल किया गया। सिविल जज सीनियर डिवीजन महेन्द्र कुमार सिंह की कोर्ट में 51 फौजदारी वाद का निस्तारण करते हुए ₹2,110 का अर्थदण्ड वसूला गया एवं ₹8,05,990/- का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। सिविल जज सी.डि. (एफटीसी) श्वेता श्रीवास्तव की कोर्ट में कुल 500 मुकदमों में से 194 वादों का निस्तारण करते हुए 32,300/-₹ का अर्थदण्ड वसूला गया। सिविल जज जू.डि. दीपक कुमार सिंह द्वारा कुल 83 फौजदारी मामलों का निस्तारण करते हुए ₹12,750 का

**8,03,800/-का उत्तराधिकारप्रमाण-पत्र जारी, 45,00,595/-अर्थदण्ड एवं 4,03,77,000/- की हुई बैंक ऋण वसूली, 42,15,000/- का दिलाया गया मोटर दुर्घटना प्रतिकर**

अर्थदण्ड वसूल किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रभात कुमार दूबे द्वारा कुल 202 मुकदमों का निस्तारण करते हुए ₹14,350 का अर्थदण्ड वसूला गया। सिविल जज जू.डि. (एफटीसी) अजीत कुमार मिश्रा द्वारा 75 मामलों का निस्तारण करते हुए ₹3,125/ का अर्थदण्ड वसूला गया एवं सिविल जज जू.डि. (एफओसी-द्वितीय) फराज अहमद द्वारा 73 मामलों का निस्तारण करते हुए ₹2,930/- अर्थदण्ड वसूला गया। इस अवसर पर न्यायालय के अधिकारीगण के अलावा केर्मचारीगण श्यामबिहारी शुक्ला, देवकीनन्दन पटेल, संतोष यादव, बृजेश यादव, गोविन्द, नागेन्द्र यादव, कुन्दन, दीपक, यशवन्त कुमार, आर भवनें चौधरी, पुनीत, रघुवर सिंह बिष्ट, कौशल, जयशंकर, राहुल, नीरज, बलदेव, हरिशंकर चौधरी, अरविन्द, शैलेन्द्र समेत अनेक अधिवक्ता व वादकारीगण उपस्थित रहे।

# बेटी की हत्या के आरोप में पिता को भेजा गया जेल

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद के करौता गांव के साहेब आलम को बेटी की हत्या के आरोप में शनिवार को जेल भेज दिया गया।

बीते एक जुलाई को आरोपित की पुत्री की मौत हुई थी। उसी समय से यह आशंका जताई जा रही थी कि पिता ने हत्या करके शव को दफना दिया है।

कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि क्षेत्र में हो रही चर्चाओं का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी ने कब्र से शव को निकालने का आदेश दिया था। उपजिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी की मौजूदगी में बीते पांच जुलाई को युवती का शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम करवाया गया था। जांच में पता चला कि युवती की मौत गला दबाने से हुई है। इसके बाद आरोपित पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने हत्या की बात कुबूल कर ली।

# बेटी की हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

## पिता के बार-बार मना करने पर भी प्रेमी से फोन पर घंटों बात करती थी युवती, पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया जुर्म

अमर उजाला ब्यूरो

संतकबीरगर। कोतवाली क्षेत्र के करौता गांव में बेटी की हत्या करने वाले आरोपी पिता को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने इज्जत की खातिर बेटी की हत्या किए जाने की बात बताई। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

कोतवाल मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि चौकीदार विक्रम प्रसाद ने पांच जुलाई को सूचना दी कि करौता गांव निवासी साहेब आलम की 18 वर्षीय बेटी सफीना की 30 जून को संदिग्ध हाल में मौत हो गई। पिता ने आनन-फानन बेटी के शव को दफना दिया। आशंका जताई जा रही है कि युवती की प्रेम प्रसंग में हत्या की गई है। डीएम के आदेश पर सात जुलाई को कब्र खोदवाकर शव को कब्जे में लिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने की बात सामने आई। पुलिस की विवेचना और संकलित साक्ष्यों के विश्लेषण से यह बात प्रकाश में आई कि सफीना की हत्या उसकी आदतों एवं हरकतों से तंग आकर मान-सम्मान बचाने के लिए उसके पिता साहेब आलम ने ही की थी। शनिवार को आरोपी पिता को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी पिता ने बताया कि उसकी बेटी का एक युवक से प्रेम संबंध था। बार-बार मना करने के बाद भी बेटी फोन पर घंटों बातचीत करती थी। जिससे नागवार गुजरा और गला दबाकर बेटी सफीना की हत्या कर दी। पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया गया।

**कब्र खोदवाकर निकलवाया गया था युवती का शव**

# दुष्कर्म के आरोपी

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने किशोरी
फुसला कर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के
को शनिवार को गिरफ्तार किया।

कोतवाल मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-07-2021

# आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार

**खरगूपुर।** पुलिस ने आबकारी अधिनियम व अवैध शस्त्र अधिनियम के आरोपियों सहित आधा दर्जन लोगों को जेल भेजा है। एसओ अशोक कुमार ने बताया थाना क्षेत्र के पंडितपुरवा के शिवकुमार, रामप्रताप व मनिहारपुरवा के अब्दुल रहमान और साजिद सहित आधा दर्जन आरोपियों को जेल भेजा गया है।

CS Scanned with CamScanner

तस्कर बिहार के रास्ते उड़ीसा से लाते थे मादक पदार्थ

# 36 किलो गांजे के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

गोण्डा | संवाददाता

एसओजी व कोतवाली नगर की पुलिस के संयुक्त अभियान में अंतर्जनपदीय अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से भारी मात्रा में मादक पदार्थ भी मिला है।

एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त आरोपियों को कोतवाली नगर पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने अंतर्जनपदीय अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। शनिवार को कोतवाली नगर पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर अवैध मादक पदार्थ को बेचने के लिये ले जाते समय सालपुर रोड से तीन मादक पदार्थ तस्करों को धर दबोचा। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम कुन्दन किशोर, विष्णु शर्मा व मोहित वर्मा बताया। इनके पास से लगभग 36 किलो मादक पदार्थ बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में विष्णु शर्मा व कुन्दन किशोर अन्तर्जनपदीय शातिर अपराधी है। विष्णु शर्मा के विरुद्ध गोण्डा व बलरामपुर जिले में लूट, मादक तस्करी व दलित उत्पीड़न से सम्बन्धित कई अभियोग पंजीकृत है। वह गिरफ्तार कर पूर्व में भी जेल भेजा जा चुका है। साथ ही कुन्दन किशोर के विरुद्ध भी थाना खरगूपुर में हत्या व जाली नोटों की तस्करी और लखनऊ के थाना महानगर में जाली नोटों की तस्करी करने के अभियोग पंजीकृत है। पूछताछ में पता चला काफी समय से ये आरोपी उड़ीसा से गांजा लाकर आसपास के क्षेत्रों में बेचते थे।



शनिवार को कोतवाली नगर में मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार आरोपी व पुलिस टीम

CS Scanned with CamScanner

# एक सिपाही की सेवा से बछड़े की जिंदगी बची

**नवाबगंज।** कस्बे के मुट्ठीगंज मोहल्ले में एक गाय का बछड़ा कई दिनों से बीमार चल रहा था। गाय का दूध भी पीने में असमर्थ हो गया। इस बछड़े पर यहां तैनात सिपाही आयुष कुमार यादव की नजर पड़ी। उन्होंने मरणासन्न स्थिति में पहुंच चुके बछड़े को ढेले पर लादकर पशु चिकित्सालय ले जाकर इलाज करवाया और उसे कई दिनों तक बोतल में दूध भर कर पिलाया। सिपाही के प्रयास से बछड़े के सेहत में सुधार हो रहा है। हेड कांस्टेबल द्वारा पूर्व मे भी अयोध्या के रेलवे स्टेशन पर एक बुजुर्ग महिला को गोद मे उठाकर ट्रेन में बैठाने पर शाबाशी मिली थी।

CS Scanned with CamScanner

# 36 किलो गांजा के साथ तीन गिरफ्तार

संसू, गोंडा: नगर कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर मादक पदार्थ बेचने वाले तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। टीम ने कुंदन किशोर निवासी जानकी नगर निकट जलाली बाबा मजार, विष्णु शर्मा निवासी रानी बाजार व मोहित वर्मा निवासी मलारी को 36 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। इसकी कीमत करीब पांच लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपितों में से कुंदन किशोर मूल रूप से बिहार के सिवान जिला थाना जीरादेई के रूइया बंगरा गांव का रहना वाला है। जो वर्तमान में जानकीनगर में रहता है।

CS Scanned with CamScanner

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-07-2021

# बंदी में दुकान खोलने पर 27 का चालान किया

**उतरौला।** शनिवार को कोविड-19 के दृष्टिगत साप्ताहिक बंदी का पालन कराया गया। इस दौरान कोविड गाइडलाइन के उल्लंघन करने वाले कस्बे के 27 दुकानों का पुलिस ने चालान किया। आठ हजार रुपए का समन शुल्क वसूला गया। कस्बा चौकी प्रभारी पवन कुमार कनौजिया के नेतृत्व में उतरौला पुलिस ने कस्बे में चेकिंग अभियान चलाया। बाजार में खुले 27 दुकानों का चालान किया गया। आठ हजार रुपए का समन शुल्क वसूला गया। इस कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने व्यापारियों को चेतावनी भी दी कि दोबारा बंदी के दौरान दुकानें खुलीं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# एडीएम,एएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

बलरामपुर। ब्लॉक प्रमुख पद का चुनाव संपन्न कराने के लिए अधिकारियों ने शनिवार को हरैया सतघरवा ब्लॉक का निरीक्षण किया। मतदान प्रक्रिया व सुरक्षा व्यवस्था में लगे अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।एडीएम अरुण कुमार शुक्ला व एएसपी अरविंद मिश्रा हरैया सतघरवा ब्लॉक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बैरियर ड्यूटी, गेट ड्यूटी तथा अन्य सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों तथा मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ब्लॉक में तैनात सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिया कि मतदान के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखें। किसी भी तरह की अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस दौरान सहायक कलेक्टर नेहा बंधु व अजय जैन भी मौजूद रहे। (संवाद)

# महिला आरक्षियों ने वसूला 54 हजार जुर्माना

बलरामपुर। जिले के सभी कोतवाली व थानों में तैनात महिला पुलिस आरक्षियों ने 54,500 रुपये का जुर्माना वसूला है। महिला पुलिस आरक्षियों ने 65 वाहनों का चालान किया है और 25 लोगों पर कोरोना प्रोटोकाल का उल्लंघन करने के आरोप में जुर्माना वसूला है।

एसपी हेमंत कुटियाल ने शनिवार को बताया कि जिले के सभी कोतवाली व थानों में तैनात महिला पुलिस कर्मियों को सड़क सुरक्षा के साथ-साथ कोरोना प्रोटोकाल का पालन कराने का जिम्मा सौंपा गया है।

**65 वाहनों और 25 लोगों पर हुई कार्रवाई**

सभी कोतवाली व थानों की महिला पुलिस कर्मियों ने अभियान चलाकर बिना हेलमेट व ट्रिपलिंग करने वाले दो पहिया वाहन चालकों, बिना सीट बेल्ट व अनियमित नंबर प्लेट लगाकर वाहनों को चलाने वाले चालकों के खिलाफ यातायात नियमों के उल्लंघन के आरोप में कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में 65 वाहनों से 40,900 रुपये का चालान किया गया है।

इसके अतिरिक्त कोरोना प्रोटोकाल का पालन न करने वाले 25 लोगों से 13,600 रुपये जुर्माना वसूला गया है। इस दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने छात्राओं व महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देकर जागरूक भी किया। महिलाओं व बेटियों को पुलिस कर्मियों ने महिला हेल्पडेस्क, 1090, 181, 112 व साक्षी सुरक्षा योजना के बारे में जानकारी दी। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-07-2021

# मास्क न लगाने वालों से वसूला गया जुर्माना

**बहराइच ।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रभारी यातायात ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया नगर क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर चेकिंग के दौरान 20 बिना मास्क लगाए व्यक्तियों से 5500 नगद व 8 वाहनों चालकों से 12500 जुर्माना किया गया।

# स्मैक सहित तस्कर गिरफ्तार

**रुपईडीहा:** एसएसबी व पुलिस की टीम ने कस्बा निवासी सफीक के पास से 122 ग्राम स्मैक बरामद की। थानाध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि वह स्मैक नेपाल पहुंचाने जा रहा था।(संसू)

# रेलवे स्टेशन पर चाइल्ड लाइन को मिला बालक

**बहराइच।** चाइल्डलाइन के सदस्य मनीष यादव ने बताया कि रेलवे स्टेशन के थाना जीआरपी से चाइल्डलाइन के निशुल्क नंबर स्टेशन परिसर में लावारिस बालक होने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद संस्था की टीम ने स्टेशन परिसर में पहुंचकर बालक को अपने संरक्षण में लेकर उसकी काउंसिलिंग की गई।

सदस्य यादव ने बताया कि काउंसिलिंग के दौरान बालक स्पष्ट रूप से कुछ भी बताने में असमर्थ था। वह सिर्फ अपना नाम नाम मेराज व निवासी गोंडा जिला बता रहा है। संस्था के सदस्य ने बताया कि बालक के संदर्भ में गोंडा चाइल्डलाइन को सूचना दे दी गई है। (संवाद)

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-07-2021

# पुलिस कर्मचारियों ने श्रमदान किया

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य व अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दूबे की मौजूदगी में पुलिस कर्मचारियों ने शनिवार को श्रमदान किया। कर्मचारियों ने पुलिस लाइन पुलिस लाइन परिसर में साफ सफाई की और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। एसपी ने कहा कि स्वच्छता संक्रामक बीमारियों को पास नहीं भटकने देता।

# चेकिंग अभियान में 153 वाहनों का चालान हुआ

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देश पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सभी चेक पोस्टों पर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। शुक्रवार को पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर वाहन चेकिंग लगाकर वाहनों के कागजात, शीट बेल्ट व हेलमेट चेक करने के साथ ही वाहनों पर सवार यात्रियों के मास्क को देखा गया।

# नशीली दवा के साथ एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर थाना प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह टीम के साथ शनिवार को क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति तिकोनी मोड़ ग्राम बरगदहा के पास मादक वस्तु के साथ मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तिकोनी मोड़ के पास पहुंच गई और एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। व्यक्ति की तलाशी ली गई तो पुलिस को उसके कब्जे से नशीली दवा की 30 गोलियां बरामद हुई।

# 20 लीटर अवैध शराब व ढाई कुंतल लहन बरामद

**श्रावस्ती।** विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में शनिवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 हृदय राम चौधरी हमराही स्टाफ के साथ ग्राम सेमगढ़ा पश्चिम पुरवा निवासी सुशीला पत्नी अनंत केवट तथा नायिका पत्नी रामेश्वर केवट के घर से दबिश के दौरान 20 लीटर कच्ची शराब व 250 किलोग्राम तैयार लहन बरामद किया गया।

# लंबित विवेचनाएं समय से निपटाएं : एएसपी

श्रावस्ती | संवाददाता

अपर पुलिस अधीक्षक ने दो थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थानों में अपराध समीक्षा की। जहां विवेचनाएं लंबित मिली जिसका समय से निस्तारण का निर्देश दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दूबे ने शनिवार को इकौना व श्रावस्ती थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण करने पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले दोनों थानों में प्रभारी निरीक्षक समेत सभी विवेचकों के साथ बैठक कर अपराध समीक्षा की। समीक्षा के दौरान इकौना में 72 व श्रावस्ती थाने में आठ विवेचनाएं लम्बित पाई गई। इस पर एएसपी ने नाराजगी जाहिर करते हुए समय से सभी लंबित विवेचनाओं को निस्तारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाय और समय से उसका निस्तारण किया जाय। इसके साथ ही अभियान चलाकर वांछित, वारंटियों की गिरफ्तारी की जाय। इसके बाद एएसपी ने थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने डेस्क पर तैनात महिला कर्मचारियों से बातचीत कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि थाने पर जो भी आगंतुक महिलाएं शिकायत लेकर आएं उनकी समस्या को सरलता पूर्वक सुना जाए।

# अवैध आधार बनाने वाला गिरोह पकड़ा

## छापेमारी

सिरसिया | संवाददाता

पुलिस ने अवैध तरीके से आधार बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। दोनों के विरुद्ध वांछित धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

सिरसिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार को थानाध्यक्ष राजेन्द्र कनौजिया को मुखबिर से सूचना मिली कि सिरसिया स्थित इण्डियन बैंक के पास एक चल रहे असगर अली जनसेवा केन्द्र में लोगों से रुपये लेकर अवैध तरीके से आधार कार्ड बनाया जा रहा है।

सूचना मिलते ही पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने संबंधित जनसेवा केन्द्र पर छापेमारी कर दी। टीम ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

साथ ही टीम ने जनसेवा केन्द्र से अवैध तरीके से आधार कार्ड बनाने में प्रयोग किए जा रहे तीन अदद लैपटॉप व लैपटॉप का चार्जर, एक अदद प्रिंटर, एक अदद जीपीएस, दो अदद आइरिस स्कैनर, एक अदद फिंगर प्रिंट स्कैनर, एक कैमरा, व तीन अदद मोबाइल फोन बरामद कर जब्त कर लिया।

आरोपियों की पहचान हैदर अली पुत्र शहजाद अली व असगर अली पुत्र मोहम्मद जमील निवासी गब्बापुर थाना सिरसिया के रूप में हुई।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे किसी नसीर अंसारी की आईडी पर इच्छुक लोगों का आधार कार्ड रुपये लेकर बनाते हैं। नसीर अंसारी से उनकी बात चीत केवल फोन पर होती है जो खुद को असम का रहने वाला बताया है। आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने वांछित धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## नशीली दवा के साथ एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर थाना प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह टीम के साथ शनिवार को क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति तिकोनी मोड़ ग्राम बरगदहा के पास मादक वस्तु के साथ मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तिकोनी मोड़ के पास पहुंच गई और एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। व्यक्ति की तलाशी ली गई तो पुलिस को उसके कब्जे से नशीली दवा की 30 गोलियां बरामद हुई।

# चावल मिल में चोरी शातिर दबोचे गए

**गिरंटबाजार।** थाना मल्हीपुर के बेगमपुर चौराहे पर सलीम खां की चावल मील में शुक्रवार की रात चोरों ने पांच हजार रुपये नगद व तीन मोबाइल लेकर फरार हो गए। चोर इतनी जल्दबाजी में थे कि एक साथी का चप्पल वहीं छूट गया।

शनिवार सुबह जब लोग उठे तो देखा कि दरवाजा खुला हुआ है और दुकान का काउंटर भी खुला है। चार्जिंग पर लगी तीन मोबाइल भी गायब हैं। लेकिन दो अजनबी चप्पल पड़े हुए हैं। मौके पर बरामद चप्पल के आधार पर बेगमपुर के एक व्यक्ति को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया गया। पकड़े गए व्यक्ति की निशानदेही पर पुलिस ने एक और आरोपी को पकड़ा है।

# 202 व्यक्तियों से जुर्माना वसूला गया

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोविड नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। दैनिक भ्रमण व गश्त के दौरान बिना मास्क के मिलने वालों पर जुर्माना लगाया जा रहा है।

साथ ही चौक चौराहों पर चेकिंग कर लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग के साथ ही अन्य नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी जा रही है। शुक्रवार को कोविड नियम उल्लंघन पर 202 लोगों से 27 हजार 100 रुपये जुर्माना वसूल किया गया। इसी क्रम में सभी थाना व चौकी प्रभारियों ने गश्त किया। गश्त के दौरान पुलिस कर्मियों ने लोगों से बातचीत कर क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही लोगों से कहा कि वे संकट के समय पुलिस के डायल 112 पर सम्पर्क कर मदद लें सकते हैं।

# सड़क के लिए धरना दे रहे थे, पुलिस ने जेल भेजा

**श्रावस्ती।** भिनगा लक्ष्मणपुर मार्ग के निर्माण के लिए धरना देना जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विजय शुक्ला को महंगा पड़ा। पुलिस ने पहले विजय शुक्ला को अस्पताल पहुंचाया और फिर अस्पताल से जेल पहुंचा दिया। इससे क्षेत्रीय लोगों में रोष है।

भिनगा से लक्ष्मणपुर मार्ग अत्यंत जर्जर है। इसलिए सड़क पर आने जाने वाले लोगों को जान की जोखिम उठानी पड़ रही है। लोगों ने इस समस्या को जनप्रतिनिधियों औरअधिकारियों को बताया। लेकिन किसी ने भी समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया। इस पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विजय शुक्ला ने आठ जुलाई से लक्ष्मणपुर बाजार में आमरण अनशन कर दिया। अनशन के 36 घंटे में विजय शुक्ला की हालत खराब हो गई। इस पर पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत ठीक होने के बाद विजय शुक्ला फिर से धरना स्थल पहुंच गए और रात में आठ बजे फिर से तबियत बिगड़ गई। इस पर लक्ष्मनपुर सीएचसी से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिए गए।

# गायब लड़की को पुलिस ने बरामद किया

**रतनापुर।** मदरसे का एक इमाम अपनी ही छात्रा को लेकर फरार हो गया था। तहरीर पर मामला दर्ज कर पुलिस लड़की की तलाश कर रही थी। करीब चार माह से गायब लड़की को पुलिस ने शुक्रवार को बरामद कर लिया।

सोनवा थाना क्षेत्र के मदरसे में बहराइच के थाना राम गांव के ग्राम मुकेरिया निवासी रिजवान पुत्र इसहाक इमाम था। मदरसे में बच्चों को तालीम दे रहा था। छात्रा व इमाम के बीच प्रेम प्रसंग हो गया। इमाम अपनी ही छात्रा को लेकर फरार हो गया।

# लोक अदालत में सुलह से निपटे 4325 मामले

## दीवानी समेत सभी राजस्व न्यायालयों पर हुआ आयोजन वसूला जुर्माना

**संसू, श्रावस्ती :** दीवानी न्यायालय समेत जिले के सभी राजस्व न्यायालयों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान सुलह-समझौते के आधार पर 4325 मामले निपटाए गए। दो करोड़ 84 हजार 239 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

जिला जज साकेत बिहारी दीपक ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया। जिला जज ने क्रिमिनल मिसलिनीयस के दो वाद निस्तारित कर एक हजार रुपये का जुर्माना किया। एडीजे सुदामा प्रसाद ने 72 फाइनल रिपोर्ट से संबंधित मामला निपटाकर 42 हजार जुर्माना वसूला। कुटुंब न्यायालय के पीठासीन अधिकारी कृपाशंकर शर्मा ने क्रिमिनल के चार वाद व मेट्रीमोनियल के तीन मामलों का निस्तारण किया। सीजेएम



दीवानी न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते से मामलों का निस्तारण करते सिविल जज प्रवर खंड मृत्युंजय श्रीवास्तव( दाएं ) ● जागरण

शीतला प्रसाद ने 691 लघु आपराधिक मामले निपटाकर 71340 रुपये का जुर्माना किया। सिविल जज प्रवर खंड मृत्युंजय श्रीवास्तव ने 95 आपराधिक मामले निपटाए। 26400 रुपये जुर्माना किया। एक सिविल के भी वाद का भी निपटारा किया। सिविल जज अवर खंड प्रभात कुमार सिंह ने चार सिविल वाद निपटाए। अपर सिविल जज शुभम द्विवेदी ने लघु आपराध के 15 वादों का निस्तारण कर 150 रुपये जुर्माने के रूप में वसूले। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल उपाध्याय ने लघु अपराध के 19 मामलों का निस्तारण कर 15760 रुपये का जुर्माना किया। सिविल जज त्वरित न्यायालय असगर अली ने लघु अपनराध के 22 वादों का निपटारा कर 150 रुपये जुर्माना वसूला। एडीजे त्वरित न्यायालय अजय सिंह ने दो मामले निपटाकर एक हजार रुपये का जुर्माना वसूला। एडीजे उमेश कुमार ने क्रमिनल कंपाउंडेबल के 110 मामले निस्तारित कर 500 रुपये का जुर्माना किया। कलेक्ट्रेट के विभिन्न राजस्व न्यायालयों ने 303 मामलों का निस्तारण किया गया। इस दौरान 38593 का समझौता कराया गया। विद्युत बिल के 554 मामले निपटाए गए।

# 20 लीटर कच्ची शराब बरामद

**संसू, श्रावस्ती :** जिला आबकारी अधिकारी पीके गिरि ने बताया कि सेमगढ़ा के पश्चिम पुरवा में छापेमारी की। सुशीला व नाइका के घर पर दबिश दी गई। दोनों घरों से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। 250 किग्रा . लहन बरामद कर मौके पर नष्ट कराया गया। दोनो आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले दो बंदी

**संसू, श्रावस्ती :** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सिरसिया कस्बे में फर्जी आधार कार्ड बनाने का कारोबार चल रहा था। इंडियन बैंक के पास जनसेवा केंद्र में दो लोगों को पुलिस टीम ने दबोच लिया। इनके पास से आधार कार्ड बनाने में प्रयोग की जाने वाली मशीनें बरामद की गई हैं।

एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि सिरसिया थाने की पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि सिरसिया कस्बे में जनसेवा केंद्र में दो लोग फर्जी तरीके से दूसरे का पहचान पत्र लेकर आधार कार्ड बनाते हैं। टीम ने उक्त स्थान पर छापेमारी की। यहां दो लोगों को आधार कार्ड बनाने में प्रयोग होने वाले इलेक्ट्रानिक उपकरणों के साथ पकड़ा गया। इनसे आधार कार्ड बनाने के संबंध में सरकार की ओर से जारी प्रमाण पत्र मांगा गया तो वे नहीं दिखा सके। पूछताछ में इनकी पहचान गब्बापुर निवासी हैदर अली व असगर अली के रूप में हुई। आरोपितों ने पुलिस को बताया कि असम के रहने वाले नसीर अंसारी की आइडी पर लोगों का आधार कार्ड बनाते हैं। नसीर से पिछले काफी दिनों से फोन पर बातचीत होती है। एसपी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को जेल भेजा गया है।

# गलत तरीके से आधार कार्ड बनवाने वाले दो गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## सिरसिया बाजार में बैंक के पड़ोस में फर्जी तरीके से बना रहे थे आधार कार्ड

**सिरसिया ।** सिरसिया पुलिस ने शनिवार को फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गैंग का खुलासा किया। इस दौरान पुलिस ने आधार कार्ड बनाने में प्रयुक्त होने वाले इलक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किए। जिसे थाने लाकर सीज कर दिया है। वहीं आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर उन्हें मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया।

सिरसिया में तैनात प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कनौजिया को मुखबिर से सूचना मिली कि बाजार स्थित इंडियन बैंक के बगल कुछ लोगों द्वारा गलत तरीके से आधार कार्ड बनाया जा रहा है। इसकी सूचना के बाद प्रभारी निरीक्षक ने क्राइम ब्रांच टीम के साथ मौके पर छापा मारा। जहां से पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम गब्बापुर निवासी हैदर अली व असगर अली को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस ने तीन लैपटॉप व चार्जर, एक प्रिंटर, एक जीपीएस, दो आइरिस स्कैनर, एक फिंगर प्रिंट स्कैनर, एक कैमरा, तीन मोबाइल फोन बरामद किए। जिसे पुलिस ने कब्जे में लेते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। जिनसे आधार कार्ड बनाने के संबंध में सरकार द्वारा जारी प्रमाण पत्र मांगा गया तो दोनों प्रमाण पत्र दिखाने में असमर्थ रहे। इस पर उनके विरुद्ध जालसाजी व सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन अधिनियम-2008 के तहत मामला दर्ज कर दोनों को संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। जहां से आरोपियों को जेल भेजा गया है।

## शांति भंग में 18 दबोचे

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शुक्रवार रात विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 18 लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)

# समय पर निपटाएं लंबित विवेचनाएं

## इकौना व मॉडर्न थाना श्रावस्ती में एएसपी ने की अपराध समीक्षा

**श्रावस्ती।** इकौना थाना व नवीन मॉडर्न थाना श्रावस्ती में शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध समीक्षा की गई। इस दौरान इकौना थाने में 72 व नवीन मॉडर्न थाने में आठ विवेचनाएं लंबित मिलीं। इस दौरान उन्होंने लंबित विवेचनाओं को समय पर निपटाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने थानों का निरीक्षण भी किया। थानों के निरीक्षण में मिली खामियों को दुरुस्त करने का दिया निर्देश

अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दुबे शनिवार को इकौना थाने पहुंचे। जहां उन्होंने विवेचकों के साथ बैठक कर लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की। इस दौरान इकौना थाने में 72 विवेचनाएं लंबित मिलीं। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए लंबित विवेचनाओं के निस्तारण करने के साथ वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का भी गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए प्रभारी



इकौना थाने में शनिवार को अपराध समीक्षा करते एएसपी। -संवाद

निरीक्षक सहित सभी विवेचकों को निर्देशित किया। इसके बाद उन्होंने थाना परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले उन्होंने थाना कार्यालय पहुंच कर वहां रखे अस्त्र-शस्त्र व अभिलेख के बारे में जांच किया। साथ ही थाना परिसर, बैरक, मेस आदि का निरीक्षण किया।

इसके बाद एएसपी नवीन मॉडर्न थाना श्रावस्ती पहुंचे। जहां उन्होंने विवेचकों के साथ बैठक कर लंबित विवेचनाओं व अपराध की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्हें आठ विवेचनाएं लंबित मिलीं। जिस पर नाराजगी जताते हुए एएसपी ने विवेचकों सहित प्रभारी निरीक्षक को लंबित विवेचनाओं के निस्तारण करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी बीट आरक्षियों की मीटिंग कर बीट व्यवस्था के तहत जांच के लिए प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान मिली खामियों को तत्काल दुरुस्त करने को कहा। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में चौपाल लगाकर जनमानस से संवाद करने, उनकी समस्याओं को सुनने, आम जनमानस से मधुर व्यवहार रखने को कहा। इस दौरान थानों में प्रभारी निरीक्षक सहित सभी उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षी व आरक्षी मौजूद रहे।

# एसपी व एएसपी ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

**श्रावस्ती।** वर्षा ऋतु का आगमन हो चुका है। आए दिन होने वाली बरसात के कारण न सिर्फ जगह-जगह जल भराव की समस्या उत्पन्न होगी। बल्कि मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ेगा। इतना ही नहीं बरसात के पानी के कारण परिसर में घास भी तेजी से उगेगी। जिसमें विषैले जीव जंतुओं के छिप कर बैठने का खतरा भी उत्पन्न रहेगा। ऐसे में जरूरी है कि एक घंटा श्रमदान कर परिसर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाए।

यह बातें शनिवार को पुलिस लाइन स्थित फुटबाल ग्राउंड की सफाई के लिए आयोजित श्रमदान कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने कही। उन्होंने कहा कि इस समय जिधर भी देखों उधर झाड़ियां उग रही हैं। यदि इनकी सफाई न हुई तो हिंसक जीव भी इसमें छिप कर बैठ सकते हैं। इसलिए सभी पुलिस कर्मियों व अधिकारियों को चाहिए कि कम से कम वह सप्ताह में एक दिन श्रमदान करें। (संवाद)